

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, रविवार 4 जनवरी 2026 ■ पौष शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-276 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 5 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस का 10 जनवरी से आंदोलन

### ग्राम और जिला स्तर पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**रायपुर,4 जनवरी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाने की घोषणा की है। ग्रामीण आजीविकाओं पर गंभीर हमले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस कार्यसमिति ने 27 दिसंबर को हुई अपनी बैठक में सर्वसम्मति से मनरेगा बचाओ संग्राम नामक एक राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया, ताकि काम के अधिकार की रक्षा की जा सके और मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल किया जा सके.मनरेगा बचाओ संग्राम 10 जनवरी को जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस, 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास और प्रतीकात्मक विरोध जिला मुख्यालयों या प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, जैसे महात्मा गांधी या डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमाओं के पास, पार्टी नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों और मनरेगा श्रमिकों की भागीदारी के साथ एक दिवसीय उपवास किया जाएगा. 12 से 29 जनवरी पंचायत स्तर पर जनसंपर्क सभी ग्राम



पंचायतों में पंचायत स्तर की चौपालें और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस चरण के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के पत्र ग्राम प्रधानों, पूर्व ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों और मनरेगा श्रमिकों तक पहुंचाए जाएंगे. साथ ही विधानसभा स्तर पर नुक्कड़ सभाएं और पर्चा वितरण भी किया जाएगा. वार्ड और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरने आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अहिंसा, संवैधानिक मूल्यों और काम के अधिकार पर जोर दिया जाएगा. 31 जनवरी से 6 फरवरी जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना होगा. जिला कलेक्टर कार्यालयों पर धरने आयोजित किए जाएंगे, जिनके पश्चात वीबी-जीराम जी विधेयक को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपे जाएंगे. पीसीसी के नेतृत्व में राज्य स्तर पर विधानसभाओं का घेराव किया जाएगा, जिसमें अधिकतम मोबिलाइजेशन के माध्यम से केंद्र सरकार की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की नीति और राज्यों पर डाले जा रहे बोझ को उजागर किया जाएगा. अभियान के समापन के रूप में एआईसीसी द्वारा चार प्रमुख क्षेत्रीय रैलियों का आयोजन किया जाएगा.

## डेल्सी रोड्रिग्ज बनीं वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति

**काराकस,4 जनवरी।** वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है, जबकि राष्ट्रपति ट्रंप ने देश को अस्थायी अमेरिकी नियंत्रण में लेने का ऐलान कर दिया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस की गिरफ्तारी के बाद देश में सियासी संकट गहरा गया है। वेनेजुएला की अदालत ने 56 वर्षीय डेल्सी रोड्रिग्ज को देश का अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त करने का आदेश दिया है। पद संभालने से पहले, रोड्रिग्ज ने टेलीविजन पर लाइव संबोधन दिया,



जिसमें उन्होंने अमेरिकी सेना के 'मिडनाइट ऑपरेशन' की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने मादुरो और उनकी पत्नी की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी दी कि वेनेजुएला अपनी संप्रभुता और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। रोड्रिग्ज ने स्पष्ट किया कि मादुरो ही देश के एकमात्र वैध नेता हैं। दूसरी ओर, हिरासत में लिए गए निकोलस मादुरो को अमेरिका ले जाया जा चुका है। ताजा जानकारी के अनुसार, उन्हें न्यूयॉर्क की एक फेडरल जेल (मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर) में रखा गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि सोमवार को उन्हें पहली बार मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### ट्रंप का बड़ा ऐलान

फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा ऐलान किया। ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला को फिलहाल 'अस्थायी अमेरिकी नियंत्रण' में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हम तब तक वहां का शासन चलाएंगे जब तक एक सुरक्षित और समझदारी भरा बदलाव नहीं हो जाता।' ट्रंप ने तर्क दिया कि वे वेनेजुएला को किसी ऐसे हाथों में जाने का जोखिम नहीं उठा सकते जो वहां की जनता के हित में काम न करे।

## संक्षिप्त-समाचार

### ड्यूटी पर तैनात रेलवे टेक्नीशियन की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**रायपुर/दुर्ग,4 जनवरी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल अंतर्गत दुर्ग रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया. प्लेटफार्म नंबर 6 के पास ड्यूटी के दौरान एक रेलवे कर्मचारी (टेक्नीशियन) मालगाड़ी की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अजय कुमार के रूप में हुई है, जो रेलवे में टेक्नीशियन ग्रेड-1 (ट्रेन लाइटिंग स्टाफ) के पद पर पदस्थ थे. अजय कुमार रविवार सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे की शिफ्ट में ड्यूटी पर तैनात थे. घटना सुबह लगभग 9 बजे की है, जब किलोमीटर संख्या 865/27 (रायपुर एंड) के पास एक खाली मालगाड़ी गुजर रही थी. इसी दौरान अजय कुमार उसकी चपेट में आ गए. स्टेशन मास्टर दुर्ग से सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल के स्टॉफ तत्काल मौके पर पहुंचे. जीआरपी दुर्ग के कर्मियों और स्थानीय स्टाफ की मदद से सुबह लगभग 9:50 बजे शव को ट्रैक से हटाकर मर्चुरी भेजा गया. हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जांच रेलवे प्रशासन और जीआरपी द्वारा की जा रही है. सहकर्मियों ने मुताबिक अजय कुमार एक कर्मठ कर्मचारी थे.

### यात्रियों से भरी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, 2 बाइक भी आई चपेट में, 4 की हालत गंभीर


**बालोद,4 जनवरी।** डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम लिमहाटोला में आज सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. यात्रियों को उतारने के लिए सड़क किनारे खड़ी एक बस को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि बस के सामने खड़ी दो मोटरसाइकिलें भी उसकी चपेट में आ गईं. मोटरसाइकिल सवार सड़क किनारे बाइक खड़ी कर चिकन लेने गए थे, इसी दौरान हादसा हो गया. दुर्घटना में बस में सवार तीन महिलाएं और एक पुरुष घायल हो गए. सूचना मिलते ही यातायात पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया गया. दादा ट्रेवल्स की यह बस भानुप्रतापपुर से दल्लीराजहरा की ओर जा रही थी, जिसमें 40 से अधिक यात्री सवार थे. हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया. घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में भारी आक्रोश देखा गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है.

### मोवा रेलवे ट्रेक के पास मिली लाश

**रायपुर,4 जनवरी।** मोवा रेलवे ट्रेक के पास रविवार सुबह अज्ञात लाश मिलने से हड़कंप मच गया है. मृतक की शिनाख्ती नहीं हो पाई है. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है. घटना पंडरी थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, मोवा रेलवे ट्रेक के पास अज्ञात युवक की लाश मिली, जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं. लोगों की सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची. घटना को लेकर ट्रेन से टकराने के बाद मौत होने की बात सामने आ रही है. मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं. मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम को खून शव के आसपास खून बिखरा हुआ मिला है. पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है.


## 'रेपिस्ट राम रहीम' फिर आया जेल से बाहर

**रोहतक,4 जनवरी।** 'रेपिस्ट राम रहीम' फिर जेल से बाहर आया है। अपने साध्वियों से रेप और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम को 40 दिनों की पैरोल मिली है। रोहतक की सुनारिया जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को बुधवार शाम हरियाणा सरकार ने 40 दिन की पैरोल की मंजूरी दी। रोल के दौरान राम रहीम हरियाणा के सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा में रहेगा। गुरमीत राम रहीम वर्ष 2017 से रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। राम रहीम पिछले 8 साल में 15वीं बार जेल से बाहर आया है। पिछले वर्ष 2025 तीन बार जेल से बाहर आया था। पिछली बार पैरोल अवधि 40 दिनों की थी। इस बार भी इतने ही दिनों की पैरोल मंजूर हुई है। जानकारी के अनुसार, गुरमीत राम रहीम की पैरोल को कल शाम मंजूरी दी गई। इसके बाद जेल प्रशासन ने उसकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पैरोल के दौरान राम रहीम को तय शर्तों का पालन करना होगा और वह सिरसा डेरा परिसर से बाहर किसी आयोजन में हिस्सा नहीं ले सकेगा। प्रशासन की ओर से उसकी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इससे पहले, राम रहीम को अप्रैल में 21 दिनों की फरलो और जनवरी में 30 दिनों की पैरोल दी गई थी। राम



रहीम रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहा है। 2017 में बलात्कार के मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद एक बार फिर से बाहर जाएगा। पिछले वर्ष तीन बार जेल से बाहर आया था। वहीं नए वर्ष-2026 की शुरुआत के साथ ही एक बार फिर से जेल के बाहर आ जा रहा है। बता दें कि गुरमीत राम रहीम वर्ष 2017 से रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। उसे दो साध्वियों के साथ रेप के मामले में उम्रकैद (20 साल) की सजा सुनाई गई थी। जबकि पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में भी वह दोषी करार दिया जा चुका है। इन मामलों के बाद से राम रहीम कई बार पैरोल और फरलो पर जेल से बाहर आ चुका है।

## वेनेजुएला संकट पर भारत ने जताई गहरी चिंता



**नईदिल्ली,4 जनवरी।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की अमेरिकी सेना द्वारा गिरफ्तारी और वहां पैदा हुए तनावपूर्ण हालातों पर भारत ने बयान जारी कर चिंता जताई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर वेनेजुएला के घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त की है और सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि भारत वेनेजुएला में तेजी से बदलती स्थितियों पर करीबी नजर रख रहा है। भारत ने स्पष्ट किया कि उसकी प्राथमिकता क्षेत्र की स्थिरता और वहां के लोगों की सुरक्षा है। भारत ने वेनेजुएला के हालिया घटनाक्रमों को चिंताजनक बताया है। भारत ने सभी संबंधित पक्षों से आग्रह किया है कि वे विवादित मुद्दों का समाधान बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से निकालें। क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी स्थिति साफ की है। कराकस स्थित भारतीय दूतावास वहां मौजूद भारतीय समुदाय के संपर्क में है। दूतावास को निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीयों को हर संभव सहायता और दिशा-निर्देश प्रदान करना जारी रखें। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'वेनेजुएला में हाल के घटनाक्रम गहरी चिंता का विषय हैं। हम बदलती हुई स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। भारत वेनेजुएला के लोगों की भलाई और सुरक्षा के लिए अपने समर्थन की पुष्टि करता है। हम सभी संबंधित पक्षों से अपील करते हैं कि वे बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से मुद्दों को सुलझाएं, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। कराकस में भारतीय दूतावास भारतीय समुदाय के सदस्यों के संपर्क में है और सभी संभव सहायता देना जारी रखेगा।'

**पहले ही जारी हो चुकी है 'ट्रैवल एडवाइजरी'**-इससे पहले शनिवार रात को भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एक सख्त एडवाइजरी भी जारी की थी।

### मेरे दोस्त मादुरो को तुरंत रिहा करो: किम जोंग

राजधानी काराकस में तड़के हुए सिलसिलेवार विस्फोटों के बाद स्थिति को और बिगड़ने से रोकने की चेतावनी दी। वहीं चीन ने आपातकाल मीटिंग बुलाई। इन सब के बीच नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन का भी बयान सामने आया है। किम जोंग उन ने अमेरिका को सीधी धमकी दे डाली है। उत्तर कोरियाई तानाशाह ने कहा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति को तुरंत रिहा किया जाए। इसके साथ ही अमेरिका को धमकाते हुए किम जोंग ने कहा कि ऐसा नहीं करने पर गंभीर वैश्विक परिणाम होंगे।

## दो गुम बालिकाएं सकुशल बरामद, एक गिरफ्तार

**जशपुर,4 जनवरी।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक बार फिर मानवीय और प्रभावी पुलिसिंग का उदाहरण सामने आया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में सिटी कोतवाली जशपुर एवं थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत अलग-अलग मामलों में दो गुम नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिससे परिजनों के चेहरे पर राहत और मुस्कान लौट आई।

थाना सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्र के एक मामले में 17 वर्षीय नाबालिग बालिका पारिवारिक कारणों से नाराज होकर कंप्यूटर क्लास जाने का बहाना बनाकर घर से चली गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल गुम इंसान व बीएनएस की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर मुखबिर तंत्र, तकनीकी टीम एवं परिजनों के सहयोग से बालिका को चौकी दोकड़ा क्षेत्र से सकुशल बरामद किया। पूछताछ में बालिका ने किसी भी अप्रिय घटना से इंकार किया।

वहीं थाना नारायणपुर क्षेत्र के दूसरे गंभीर मामले में 14 वर्ष 8 माह की नाबालिग बालिका को आरोपी लक्ष्मण राम (21 वर्ष) द्वारा प्यार व शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने एवं शारीरिक शोषण का मामला सामने आया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को आरोपी के कब्जे से बरामद किया तथा आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धाराएं एवं पॉक्सो एक्ट की सख्त धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया।

इस सफल कार्रवाई पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस गुम बच्चों के मामलों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और ऑपरेशन मुस्कान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जशपुर पुलिस की इस तत्परता से आमजन में सुरक्षा और विश्वास का भाव मजबूत हुआ है।

## आरक्षित वर्ग के बच्चों को छात्रवृत्ति से वंचित कर रही है सरकार : दीपक बैज

**रायपुर,4 जनवरी।** राशन कार्ड से मिसमैच और बैंक खातों में केवाईसी की अनिवार्यता के नाम पर छात्रवृत्ति से वंचित करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं चाहती कि गरीब बच्चों को शिक्षा सहायता मिल सके, इसीलिए नई-नई शर्तें लगाकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति की राशि रोकी जा रही है। सरकार की दुर्भावना से अधिसंख्यक छात्र छात्राएं योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। गणवेश, साइकिल सहित अन्य सुविधाओं में भी उपस्थिति और अन्य अव्यावहारिक शर्ते लगाकर षड्यंत्रपूर्वक बच्चों को उनके जायज हक से वंचित किया जा रहा है। तकनीकी बाधाओं को दूर कर सत्यापन को आसान बनाए और छात्रवृत्ति की राशि बच्चों को तत्काल प्रदान करें सरकार। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान स्कूली शिक्षा विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ के छात्रों को 30 तरह की योजनाओं के तहत स्कॉलरशिप की राशि दी जाती थी

## लेन-देन के विवाद में चाकूबाजी

**धमतरी,4 जनवरी।** आपसी लेन-देन के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आपको बता दें कि सिहावा चौक के पास हिंदू अनाथालय के समीप धारदार चाकू से हमला कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत भी अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 02 जनवरी 2026 की रात्रि विकाश मानिकपुरी, मनीष सिन्हा एवं रोहन ठाकुर धमतरी के सिहावा चौक के पास बैठे हुए थे। इसी दौरान मोहल्ले का निवासी साहिल खत्री वहां पहुंचा। पूर्व में हुए पैसों के लेन-देन को लेकर मनीष सिन्हा द्वारा चर्चा किए जाने पर आरोपी साहिल खत्री आपा खो बैठा और अपने पास रखे धारदार चाकू से मनीष सिन्हा पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने पर विकाश मानिकपुरी के हाथ में भी चोट आई। दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना सिटी कोतवाली धमतरी में मामला दर्ज कर पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जब्त किए गए। आरोपी की पतासाजी



कर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त चाकू को सिहावा चौक स्टेशन पारा क्षेत्र की झाड़ियों में छिपाने की जानकारी दी। आरोपी के बताए अनुसार पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में एक धारदार बटन/स्प्रिंग चाकू बरामद कर विधिवत जप्त किया।

## देशभर में फोरेंसिक लैब्स नेटवर्क बनाने के लिए 30 हजार करोड़ निवेश करेगी सरकार: अमित शाह

**नई दिल्ली ,4 जनवरी।** केंद्र सरकार ने अगले पांच वर्षों में देशभर में फोरेंसिक लैब्स के नेटवर्क की स्थापना के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने का निर्णय लिया है। 2029 तक हर राज्य में कम से कम एक फोरेंसिक विश्वविद्यालय या केंद्रीय फोरेंसिक लैब स्थापित की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के श्री विजयपुरम में गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह घोषणा की। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। अपराध से लड़ने के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग करने, केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) जैसे अत्याधुनिक केंद्रों की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

**वर्तमान में देश में सात सीएफएसएल हैं**-गृह मंत्री ने कहा, भारत



सरकार और राज्य सरकारें अगले पांच वर्षों में देशभर में फोरेंसिक प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के निर्माण के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही हैं। वर्तमान में देश में सात सीएफएसएल हैं, जबकि आठ नए सीएफएसएल स्थापित किए जा रहे हैं। राज्यों के फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, फोरेंसिक वैन और क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं को मजबूत करने के लिए लगभग एक हजार करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। पिछले चार वर्षों में 16 हजार से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है.शाह ने कहा कि फोरेंसिक विज्ञान विभागों के मानकीकरण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। 2029 तक 35 हजार छात्र एनएफएसयू में फोरेंसिक्स का अध्ययन करेंगे। एनएफएसयू की शत प्रतिशत प्लेसमेंट है। गृह मंत्री ने कहा कि अब तक एनएफएसयू के 14 कैंपस स्थापित किए जा चुके हैं। यह विश्वविद्यालय 100 से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। पिछले चार वर्षों में 16 हजार से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है और अगले चार वर्षों में इस संख्या को लगभग तीन गुना करने का लक्ष्य है गृह मंत्री ने कहा कि एनएफएसयू ने अब तक 46 पेटेंट दर्ज किए हैं, जिनमें से 30 केवल 2024 में दर्ज किए गए। 96 देशों ने एनएफएसयू के साथ 103 एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। 117 संगठनों ने भी एनएफएसयू के साथ समझौते किए हैं। शाह ने यह भी कहा कि गृह मंत्रालय ने 2019 से अब तक संसदीय सलाहकार समिति की 12 बैठकें आयोजित की हैं, जिनसे अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। शाह ने कहा, हम 2029 तक ऐसा सिस्टम बनाएंगे जिसमें पूरी न्यायिक प्रक्रिया— एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक—तीन वर्षों के भीतर पूरी की जा सके।

गृह मंत्री शाह ने शनिवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह नौ योजनाओं का उद्घाटन किया और दो योजनाओं की आधारशिला रखी। इसमें 229 करोड़ रुपये का एक एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर शामिल है।

## छत्तीसगढ़ पर्यटन के क्षेत्र में एक नया हब बनने जा रहा : ठाकुर

**रायपुर,4 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे उपलब्धिपूर्ण कार्यों की सराहना की है। श्री ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ पर्यटन विकास की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय छत्तीसगढ़ को पर्यटन हब बनाने की दिशा में सतत पहल कर रहे हैं। बस्तर और सुदूर वनांचल क्षेत्रों में वहाँ की संस्कृति और संस्कार को देखने के लिए होम स्टेज जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। भोरमदेव, स्वदेश दर्शन योजना के तहत 146 करोड़ रुपए खर्च करके वहाँ जो विकास कार्य होंगे, डोंगरगढ़, बम्लेश्वरी, महामाया और दन्तेश्वरी सहित सभी प्रमुख स्थलों में स्थित पीठों में जिस तरह विकास के कार्य चल रहे हैं, निश्चित ही आने वाले समय में छत्तीसगढ़ पर्यटन के क्षेत्र में एक नया हब बनने जा रहा है।

# भिलाई में निर्यात कर का उद्योगों ने किया कड़ा विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 जनवरी।** नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे एक्सपोर्ट टैक्स के विरोध में भिलाई के प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठन एकजुट हो गए हैं। स्टील चैंबर भिलाई, छत्तीसगढ़ वायर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, भिलाई वायर ड्राइंग संगठन, एन्सिलरी संगठन, लघु उद्योग भारती, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ सहित समस्त लघु उद्योगों ने भिलाई निर्यात कर संघर्ष समिति के बैनर तले इस कर को अन्यायपूर्ण और अवैधानिक बताया है। संघर्ष समिति का आरोप है कि नगर निगम द्वारा वर्ष 2017 से बैक डेट में 7-8 वर्षों का टैक्स और भारी पेनल्टी जोड़कर वसूली के नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि न तो पूर्व में इसकी कोई सूचना दी गई और न ही उद्योगों से सहमति ली गई। बिना सुनवाई के नोटिस भेजना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। उद्योग संगठनों की ओर से राहुल बंसल एवं संदीप अग्रवाल ने जारी बयान में कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ के किसी अन्य नगर निगम में इस प्रकार का एक्सपोर्ट टैक्स लागू नहीं है, जिससे भिलाई के उद्योगों पर भेदभावपूर्ण बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक्सपोर्ट टैक्स एक अप्रत्यक्ष कर है, जिसे समय रहते लागू किया जाता तो उद्योग अपने ग्राहकों से बिल में जोड़कर वसूल कर सकते थे, लेकिन वर्षों बाद इसे थोपना पूरी तरह अनुचित है। संघर्ष समिति ने इसे जीएसटी की वन नेशन, वन टैक्स की भावना के खिलाफ बताते हुए कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद एंट्री टैक्स और ऑक्ट्राय जैसे कर समाप्त किए जा चुके हैं। ऐसे में नगर निगम द्वारा निर्यात पर कर लगाना केंद्र सरकार की निर्यात प्रोत्साहन नीति के विपरीत है। उद्योग प्रतिनिधियों के अनुसार इस टैक्स से भिलाई की लघु एवं मध्यम औद्योगिक इकाइयों पर गंभीर संकट आ सकता है। पहले से मंदी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा झेल रहे उद्योगों के लिए 7-8 वर्षों का एकमुश्त टैक्स और पेनल्टी कई इकाइयों को बंद होने की कगार पर ला सकती है, जिससे लगभग 40 हजार कर्मचारियों की आजीविका प्रभावित होने का खतरा है। संघर्ष समिति ने बताया कि नगर निगम से आरटीआई के माध्यम से मांगी गई सात जानकारियों में से केवल तीन का ही उत्तर मिला है। वहीं, समिति के पदाधिकारियों ने सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर उन्हें स्थिति से अवगत कराया, जिन्होंने इस टैक्स को गलत बताया है। समिति ने मांग की है कि एक्सपोर्ट टैक्स की वसूली तत्काल रोकी जाए, इसे पूरे प्रदेश में समान रूप से लागू किया जाए अथवा भिलाई में पूर्व वर्षों के लिए दबाव न बनाया जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि कुर्की और वसूली का दबाव जारी रहा तो भिलाई के सभी उद्योग सामूहिक रूप से अपने प्रतिष्ठान बंद करने को मजबूर होंगे।

### माघ मेला के दौरान दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का प्रयाग स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

**भिलाई, 4 जनवरी।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेला 2026 में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं एवं रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संचालित दुर्ग–नौतनवा एक्सप्रेस को प्रयाग स्टेशन पर अस्थायी ठहराव की सुविधा प्रदान की गई है। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत प्रयाग स्टेशन पर गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग–नौतनवा एक्सप्रेस को 02 मिनट का ठहराव दिया गया है। यह सुविधा 01 से 20 फरवरी तक प्रभावी रहेगी।

## एक नजर

### विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई, 4 जनवरी।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आगामी 11 जनवरी रविवार को सुनीति उद्यान सेक्टर-8 पार्क में प्रातः 9 से 12 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए तात्कालिक सुरक्षा ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को ड्रॉइंग शीट सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि पेंटिंग हेतु आवश्यक अन्य सामग्री जैसे पेंसिल, वाटर कलर, ऑयल पेंट, क्रेयॉन कलर आदि प्रतिभागियों को स्वयं लानी होगी। प्रतियोगिता में चयनित प्रविष्टियों को नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर, भिलाई में आयोजित ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रदर्शनी में 19 से 23 जनवरी तक प्रदर्शित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं के लिए कुल छः श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिनमें नर्सरी, कक्षा 1 से 3, कक्षा 4 से 5, कक्षा 6 से 8, कक्षा 9 से 12 तथा शारीरिक रूप से दिव्यांग (फिजिकली चैलेंज्ड) विद्यार्थी शामिल हैं। इच्छुक प्रतिभागी 11 जनवरी को प्रातः 09 बजे सुनीति उद्यान सेक्टर-8 पार्क के प्रवेश द्वार पर उपस्थित होकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### पंप चोरी मामले में 3 गिरफ्तार



**भिलाई, 4 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई अंजोर चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसमड़ा से सबमर्सिबल पंप चोरी के मामले में पुलिस दो युवक व एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है अंजोर चौकी प्रभारी खेलन साहू ने बताया कि प्रार्थी ग्राम पंच रसमड़ा बालकिशन निषाद ने पुलिस चौकी में शिकायत की थी कि गांव मे पानी टंकी में पानी सप्लाई का पाईप लाईन व सबमर्सिबल पंप पार हो गया पुलिस ने ग्राम रसमड़ा शीतला पारा निवासी सुमेश निर्मलकर को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए पकड़ा वो इससे पहले राजनांदगांव से चोरी के मामले में जेल जा चुका है उस ने अपने साथी निखिल रामटेके व एक नाबालिग के साथ 28 दिसंबर की रात हैक्सा ब्लेड़ से वायर को काटकर सबमर्सिबल पंप को चोरी करना स्वीकार किया चोरी गए सबमर्सिबल पंप की कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है ।

### सड़क सुरक्षा माह में हेलमेट रैली निकाली



**भिलाई, 4 जनवरी (तछसं.)।** जिले में सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत हेलमेट रैली निकालकर को की गई इस हेलमेट रैली के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की उपयोगिता बताना था अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभके दौरान दुर्ग पुलिस ने आज दुर्ग-भिलाई शहर में हेलमेट जागरूता रैली का आयोजन किया गया आज के इस हेलमेट रैली को न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट ऑनरोड सेफ्टी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो दुर्ग पटेल चौक से होते हुए पीडब्ल्यूडी कार्यालय दुर्ग, बस स्टैंड, राजेन्द्र पार्क चौक, मालवीय नगर चौक, वाय शेप ओवर ब्रिज, सेक्टर 09, सेक्टर - 06 होते हुए नेहरू नगर अंडर ब्रिज से यातायात कार्यालय गुरुद्वारा तिराहा में समाप्त हुई रैली में यातायात पुलिस दुर्ग के साथ सामाजिक संस्था के सदस्य एवं एनसीसी/एनएसएस के कैडेट्र्स के कुल-200 के सदस्य भी हेलमेट धारण कर रैली का हिस्सा बने वहीं सड़क सुरक्षा माह 2026 के दौरान न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट ऑनरोड सेफ्टी द्वारा दुर्ग पुलिस द्वारा तैयार किये गये सड़क सुरक्षा कैलेंडर का विमोचन किया गया। न्यायमूर्ति सड़क दुर्घटनाओं में मौत का प्रमुख कारण हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग न करना है। ऐसे में बिना हेलमेट एवं बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने वालों तथा शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी चालानी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए उन्होंने जिले के सभी वाहनों के बीमा, फिटनेस एवं वाहन चालकों के लाइसेंस की नियमित जांच के निर्देश दिए।

### गांजा विक्रय,युवक को कोर्ट ने सुनाई सजा

**भिलाई, 4 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी को कोर्ट ने सजा दी है विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस दुर्ग श्रीमती सुनीता टोप्पो की कोर्ट ने आरोपी महेश उइके को अभिरक्षा की अवधि 3 माह 17 दिन का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रकाश शर्मा ने पैरवी की थी 16 सितंबर 2025 को सुपेला पुलिस को सूचना मिली थी कि लाल मैदान फरीदनगर सुपेला में हनुमान मंदिर के सामने महेश उइके 40 वर्ष निवासी फरीदनगर डेरा बस्ती सुपेला एक प्लास्टिक की थैली में मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को पकड़ा।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भोयरा मरार पटेल समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,4 जनवरी।** माता शाकम्बरी जयंती के पावन अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा कबीरधाम जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित जयंती समारोहों में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता शाकम्बरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम बेनदरची, मजगांव, सहसपुर लोहारा, लालपुर एवं मोहरा में पटेल समाज द्वारा आयोजित माता शाकम्बरी जयंती समारोहों में शामिल होकर समाजजनों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पर्व-परंपरा छेरछेरा की भी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सामाजिक एकता, दान और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मजगांव के भोयरा मरार पटेल समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि माता शाकम्बरी अन्न, प्रकृति और करुणा की प्रतीक हैं। उनका जीवन और संदेश समाज को आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण की दिशा में प्रेरित करता है। उपमुख्यमंत्री ने ग्राम मझगांव में कहा कि पटेल समाज हमेशा से परिश्रमी और आत्मनिर्भर समाज रहा है, शाकम्बरी माता की कृपा से धन धान्य से सम्पन्न इस समाज ने हमेशा लोगों को मिल जुलकर कार्य करना सिखाया है। नवनिर्मित सामुदायिक भवन से भोयरा मरार पटेल समाज की सामाजिक गतिविधियों को भी गति प्राप्त होगी। लोहारा में शाकम्बरी माता जयंती समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पटेल समाज बहुत ही स्वाभिमानी समाज रहा है, पटेल समाज से लोगों को सीखने की आवश्यकता है, अपने उद्यम से समाज द्वारा लोगों का पोषण किया जाता रहा है। उन्होंने माता शाकम्बरी से प्रार्थना करते हुए कहा कि इसी तरह सभी के घर धन धान्य से परिपूर्ण हों सभी के खेत लहलहायें, सभी स्वस्थ रहें ऐसी कृपा सभी पर बनी रहे। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की स्थिति की भी जानकारी ली।इस अवसर पर जिला भोयरा मरार पटेल समाज के अध्यक्ष शंकर पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, , जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, , बोड़ला जनपद अध्यक्ष राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, लोहारा अध्यक्ष संतोष मिश्रा, श्री संतोष पटेल, श्री कांतिराम पटेल, भगत पटेल, ललिता सुखदास पटेल, श्री भीम सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट, तीरथ पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# विधायक रिकेश ने शुरू की वेंटिलेटर एम्बुलेंस सेवा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 जनवरी।** छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने वेंटिलेटर युक्त एम्बुलेंस सेवा को हरी झंडी दिखाई है। सेन ने बताया कि यह वेंटिलेटर एम्बुलेंस क्षेत्रवासियों के लिए किफायती दर पर आईसीयू टीम के साथ उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में वेंटिलेटर-युक्त एम्बुलेंस न होने से कई गंभीर दिक्कतें होती थीं खासकर उन मरीजों के लिए जिन्हें सांस लेने में समस्या हो और जो गंभीर रूप से घायल हों। भिलाई के मरीज को शिफ्ट करने में अक्सर बाहर से वेंटिलेटर युक्त एम्बुलेंस मंगानी पड़ती जिससे मनमाना किराया और काफी समय भी बेकार जाता था। वैशाली नगर विधानसभा में वेंटिलेटर युक्त एम्बुलेंस सुविधा होने से किफायती किराये पर मरीज गंतव्य तक समय पर पहुंच सकेगा। वेंटीलेटर एम्बुलेंस के लिए लोग वैशाली नगर विधायक कार्यालय द्वारा जारी नंबर 8770528839 तथा जीवरानी देवी वेलफेयर सोसाइटी 6262888851, 6262888852 के माध्यम से सम्पर्क कर किफायती दर पर एम्बुलेंस सुविधा ले सकेंगे। यह वेंटिलेटर एम्बुलेंस भिलाई-दुर्ग में 2100 तथा 5100 रूपये में राजधानी रायपुर तक सेवा देगी। अन्य राज्यों के हॉस्पिटल रेफर होने पर भी लोगों को किफायती किराये पर चिकित्सकीय टीम के साथ उपलब्धता के आधार पर प्रदान की जाएगी।

### अंवरी अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया छेरछेरा पर्व

**अंवरी।** अंवरी सहित अंचल के गाँव में धुमधाम से छेरछेरा पर्व मनाया गया । वही गाँव में सुबहा से बच्चों एवं युवा जवानों में भी त्योहार के प्रति उत्साह देखा गया बच्चे-युवा छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरहेरा के गीत गाते हुए घर घर जाकर सुबहा से लेकर दोपहर मांगते रहे। अंवरी निवासी थानेश्वर साहू ने बताया कि छेरछेरा पर्व मुख्य रूप से नई फसल के घर आने की खुशी, दान, और सामाजिक समरसता के लिए मनाया जाता है, जो पौष पूर्णिमा (जनवरी में) को होता है। इस दिन बच्चे-युवा छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरहेरा कहते हुए घर-घर से धान और पैसे मांगते हैं, जिससे अमीर-गरीब का भेद मिटता है और अन्नपूर्णा व शाकंभरी देवी का आशीर्वाद मिलता है,

दान देने से होता है लाभ-ऐसी मान्यता है कि पौष माह की पूर्णिमा को सुबह स्नान, पूजा पाठ करके दान देने से सालभर घर में बरकत रहती है।

# ट्रेन हादसे में घायल को मिला सर्व समाज कल्याण समिति का सहारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 जनवरी।** केम्प-2 पुरानी मछली मार्केट निवासी अवधेश मांझी की पुत्री संध्या मांझी का हाल ही में एक ट्रेन दुर्घटना में दाहिना हाथ कट गया। गंभीर रूप से घायल संध्या मांझी का इलाज रायपुर स्थित मेकाहारा अस्पताल में चल रहा है। उनके पति ठेका मजदूरी करते हैं तथा परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। दंपति के दो छोटे बच्चे हैं–9 वर्षीय बेटी और 5 वर्षीय बेटा–जिनकी परवरिश की जिम्मेदारी भी अब संकट में है। इस कठिन परिस्थिति में संध्या मांझी ने आज एच.टी.सी. कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू से उनके कार्यालय में भेंट कर सहायता की मांग रखी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिंह द्वारा पीड़ित परिवार को तत्काल एक माह का राशन उपलब्ध कराने के साथ-साथ इलाज में यथासंभव आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया गया। सर्व समाज कल्याण समिति ने अपील की है कि समाज के सक्षम लोग आगे आकर इस जरूरतमंद परिवार की मदद करें, ताकि संध्या मांझी का उपचार सुचारू रूप से जारी रह सके और उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# सांसद विजय बघेल ने किया पुस्तक अनमोल वचन का विमोचन



**भिलाई, 4 जनवरी।** सांसद विजय बघेल ने छत्तीसगढ़ मेहर समाज के चिंतक डॉ. बलराम मिर्जा द्वारा लिखित प्रेरणादायी पुस्तक अनमोल वचन का विमोचन किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि डॉ. बलराम मिर्जा की यह कृति समाज को सकारात्मक दिशा देने वाली, प्रेरणा और संस्कारों से परिपूर्ण है। ऐसी पुस्तकों से नैतिक मूल्यों, सामाजिक एकता और आत्मचिंतन को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता हर प्रसाद आडिल, दुर्ग जिला मेहर समाज के अध्यक्ष कन्हैया लहरी, किशोर कनौजिया, राम ब्रिज लहरी, तुलसी दक्षिणे, सुभाष दक्षिणे, बहादुर बघेल, रामचंद्र लहरे, सूखित राम लहरे, सियाराम रात्रे, कन्हैया रावते, जीवन डाडे, मिलाप आडिल, रंजन लाल मिर्जा, ईश्वर लहरी सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### पाटन नगर में आयोजित मीना बाजार का हुआ शुभारंभ



**उतई,4 जनवरी (तछसं.)।** विगत 17 वर्षों बाद पुनः नगर पंचायत पाटन में मंडाई (मेला) का आयोजन 6 जनवरी, मंगलवार को रेस्ट हाउस के पीछे मैदान में आयोजित किया गया है जिसमें आकर्षण का केन्द्र और बच्चों के लिए मनोरंजन के लिए मीना बाजार झूला का आयोजन किया गया है मीना बाजार का शुरुआत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया विदित हो कि यह मीना बाजार 10 जनवरी तक चलेगा मीना बाजार को लेकर बच्चें कॉफी उत्त्साहित नजर आ रहे है।शुभारंभ अवसर पर उपाध्यक्ष निशा सोनी,सभापति केवल देवांगन,सभापति जितेन्द्र निर्मलकर,पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन,पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, पार्षद प्रतिनिधि बाबा वर्मा,रीना भाले,योगेश सोनी,लोकेश पटेल सहित मीना बाजार के संचालक व नगरवासी उपस्थित रहे।

### बाघुटोला में विकास कार्यों का भूमिपूजन होने से ग्रामीणों में हर्ष



**कवर्धा, 4 जनवरी (तछसं.)।** जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत बाघूटोला में आयोजित मां शाकंभरी जयंती हुई और 6 लाख 50 रुपए के लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू , , जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, जिला बीजेपी उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, भोरमदेव मंडल उपाध्यक्ष भगत पटेल शामिल रहे । जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू और बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने कहा की डिप्टी सीएम विजय भैया के मार्गदर्शन में बोड़ला विकासखंड ओर कवर्धा विधानसभा में चहुमुंखी विकास जारी है ।

### टीम स्पर्श को राष्ट्रीय पार एक्सीलेंस अवार्ड



**भिलाई, 4 जनवरी।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की क्वालिटी सर्किल टीम स्पर्श ने गुणवत्ता सुधार और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पार एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त किया है। यह सम्मान 21 दिसंबर को ग्रेटर नोएडा में आयोजित क्वालिटी सर्किल नेशनल कन्वेंशन में प्रदान किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में 02 जनवरी को जे.एल.एन. चिकित्सालय में आयोजित सम्मान समारोह में टीम सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी को अवार्ड ट्रॉफी भेंट की।

### बीएसपी में सुरक्षा प्रशिक्षण दिया गया



**भिलाई, 4 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यस्थल सुरक्षा एवं दुर्घटना रोकथाम के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए 2 जनवरी को मानव संसाधन विकास केंद्र में गैर-कार्यपालक कर्मचारियों के लिए एक व्यापक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 103 गैर-कार्यपालक कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी. के. बेहरा थे व विशेष अतिथि के तौर पर महाप्रबंधक एस. सुनोव कार्यक्रम उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ की जूनियर फेंसिंग टीम राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए कटक रवाना

**भिलाई, 4 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य की जूनियर बालक एवं बालिका फेंसिंग टीम 33वीं जूनियर राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु कटक (उड़ीसा) के लिए रवाना हुई। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की 28 सदस्यीय जूनियर बालक एवं बालिका टीम भाग ले रही है। चयनित संभावित खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर 20 दिसंबर से 3 जनवरी तक बहुउद्देशीय हॉल, इस्पात क्लब में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का समापन छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव समीर खान द्वारा किया गया, जिसके पश्चात प्रदर्शन के आधार पर अंतिम टीम की घोषणा की गई। जूनियर बालक टीम फॉइल इवेंट- हिमेश साहू, आयुष नेताम, अंशुल फब्यानी, हर्ष रजक, ईपी इवेंट- ऋषभ गुप्ता, जनार्दन साहू, दीपांशु साहू, भूपेंद्र कुमार यादव सैबर इवेंट- नवीन साहू, विनीत साहू, अनुज चौहान, करनजीत सिंह आनंद प्रशिक्षक- प्रवीण कुमार गाँवरे, प्रबंधक- मोहनीश्ह्या वर्मा। जूनियर बालिका टीम फॉइल इवेंट- लावण्या साहू, अंशिका यादव, पी. दिव्या रेड्डी, धारणा ठाकुर, ईपी इवेंट- रश्मान कौर धीमान, रुपाली साहू, रीबा बैनी, तुलसी मानिकपुरी, सैबर इवेंट- चांदनी साहू, मर्लिन मेरी शिबू, नीतू यादव, तेजस्वनी मोहिले, प्रशिक्षक- व्ही. जॉनसन सोलोमन प्रबंधक- मोना पटेल। छत्तीसगढ़ की जूनियर फेंसिंग टीम 3 जनवरी को बस द्वारा कटक के लिए रवाना हुई है तथा 11 जनवरी को लौटेगी।



# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पर्यवेक्षक देशलहरे को रिटायर होने पर दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,4 जनवरी।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेलुद में विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ महतारी व माँ सरस्वती के तैलचित्र पर पुजा अर्चना के साथ हुआ ।स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पाटन सेक्टर सेलूद में कार्यरत अमरीका देशलहरे पर्यवेक्षक के पद से सेवानिवृत्त होने , सैय्यद रिजवान अहमद का अन्यत्र स्थानांतरण होने व श्रीमती गीता रामटेके का पर्यवेक्षक पद पर पदोन्नति होने पर तथा सेलुद सेक्टर में आने वाली नये कर्मचारी जिनका स्वागत किया गया यामिनी मारकंडे ,राधिका देवांगन, ममता चंद्राकर शामिल थी।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ भुवनेश्वर कठौतिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नौकरी प्रारम्भ करते समय सबसे पहले मुझे भी सेलुद सेक्टर का अधिकारी बनाया गया था ,इसके पहले कभी मैंने बड़े अधिकारी के रुप में काम नहीं किया था इसलिए बड़े सेक्टर होने से थोड़ा झिझक तो हुआ लेकिन सेलुद सेक्टर काम के मामले में बहुत अच्छा मिला ।आज उसी टीम से एक सदस्य सेवानिवृत्त हो गई ।अपने लगन से उन्होंने 39 साल की निष्ठा के साथ सेवा दिया।कोई भी कर्मचारी के अंदर लगन और अनुशासन होना चाहिए ।देशलहरे सिस्टर बहुत अनुशासित थी अपने काम में बहुत पारंगत थी ।व्यक्ति चाहे किसी भी क्षेत्र में रहे अनुशासन मे रहने से बड़े से बड़े कार्य को आसानी से कर सकते है । टीम वर्क से ही बड़े से बड़े कार्य को आसानी से हो जाता है जैसे मनुष्य का जीवन और मरण सत्य है उसी प्रकार कर्मचारी का नौकरी लगना और सेवानिवृत्त होना एक कटु सत्य है ।इसे हम चाहकर भी टाल नहीं सकते है।आज उसी कड़ी में अमरीका देशलहरे सिस्टर ने अपने कर्तव्यनिष्ठ के साथ 39 साल सिर्फ सेलूद सेक्टर में सेवा कार्य कर सेवानिवृत्त हो रही है । सैयद रिजवान व गीता रामटेके का कार्य भी बहुत अच्छा रहा है। वही मैं आशा करता हूं कि श्रीमती राधिका देवाँगन और यामिनी मारकंडे व ममता चंद्राकर तीनो हमारे परिवार का हिस्सा बनकर लगन और अनुशासन के साथ काम करेंगी उन्होंने आगे कहा कि सेलुद सेक्टर के कर्मचारी कुछ अजब मिट्टी के बने है और पुरे ब्लाक में सबसे अच्छा ऊर्जा व उत्साह के साथ कार्य करते है। सेक्टर अधिकारी वंदना शर्मा ,नेत्र सहायक अधिकारी योगैया बंडी ने भी सभा को संबोधित किया ।मनोरमा बंछोर ने बहुत अच्छा विदाई गीत प्रस्तुत किया ।सेवानिवृत्त पर नारियल ,शाल ,मोमेन्टो व उपहार भेंट कर सभी का सम्मान किया गया ।उपस्थित अतिथियो का भी सम्मान किया गया ।कार्यक्रम का संचालन खेलेन्द्र कुर्रे व आभार प्रदर्शन बसंत साहु ने किया ।इस अवसर पर बीएमओ पाटन डॉ भुवनेश्वर कठौतिया ,सेक्टर प्रभारी वंदना शर्मा, सेक्टर सुपरवाइजर आरएस शांडिल्य ,राधिका देवांगन ,नेत्र सहायक अधिकारी योगैया बंडी ,सीएचओ जॉयसी,आरएचओ बसंत साहु,खेलेंद्र कुर्रे,बिष्णु देवांगन,तालसिंह ठाकुर,मनोरमा बंछोर ,मधु साहु,प्रीति वर्मा,वंदना चौधरी, संतोषी देवांगन, यामिनी मारकंडे, मधु साहु,ममता चंद्राकर, लाभेश्वरी यदु, रमा साहु,भावना,रूबी वर्मा,मितानिन प्रेरक दुर्गा चंद्राकर, धनेश्वरी साहु,भुनेश्वरी साहु उपस्थित थी ।

# सीएम साय ने राष्ट्रपति मुर्मु से की सौजन्य मुलाकात, 'बस्तर पंडुम-2026' में किया आमंत्रित

**रायपुर, 4 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय जनजातीय सांस्कृतिक महोत्सव 'बस्तर पंडुम 2026' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपति को बस्तर अंचल की समृद्ध जनजातीय कला, संस्कृति, परंपराओं एवं लोक जीवन से अवगत कराते हुए कहा कि बस्तर पंडुम राज्य की जनजातीय विरासत के संरक्षण, संवर्धन और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह आयोजन तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसका अंतिम चरण फरवरी 2026 में बस्तर में संपन्न होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, बुनियादी ढांचे के



विस्तार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनकी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने जनजातीय संस्कृति से जुड़े इस आयोजन की सराहना करते हुए बस्तर पंडुम 2026 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि बस्तर पंडुम 2026 के माध्यम से लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वाद्ययंत्र, हस्तशिल्प, जनजातीय व्यंजन, वेशभूषा सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

## बस्तर में शांति, विश्वास और विकास का स्थायी सूर्योदय सुनिश्चित : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 4 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विश्वास, विकास और सुरक्षा ही बस्तर की नई दिशा है, जहाँ अब हिंसा नहीं, शांति ही एकमात्र विकल्प बन चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर रेंज के बीजापुर और सुकमा जिलों में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए नक्सल विरोधी अभियान में निर्णायक सफलता प्राप्त हुई है, जिसमें 14 माओवादियों को न्यूट्रलाइज़ किया गया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सुरक्षा बलों की सटीक रणनीति, सतत दबाव और मजबूत जमीनी पकड़ के कारण माओवादी नेटवर्क तेजी से कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर अब विकास, निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों के साथ आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व, सुरक्षा बलों की अदम्य वीरता एवं प्रतिबद्धता, संवेदनशील पुनर्वास नीति तथा बस्तर की जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों के शौर्य को नमन करते हुए अभियान में शामिल सभी जवानों को बधाई दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जो लोग अब भी हिंसा का रास्ता चुन रहे हैं, वे आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ें, सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठाएँ और सम्मानपूर्वक जीवनयापन करें अन्यथा राज्य शासन और सुरक्षा बल कानून एवं संविधान के अनुरूप अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए पूरी तरह सक्षम और प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की अंधेरी रात अब अपने अंतिम चरण में है और बस्तर में शांति, विश्वास और विकास का स्थायी सूर्योदय सुनिश्चित है।

## मुख्यमंत्री साय ने प्रसिद्ध साहित्यकार लोचन प्रसाद पाण्डेय की जयंती पर किया उन्हें स्मरण

**रायपुर, 4 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्वर्गीय लोचन प्रसाद पाण्डेय की जयंती (4 जनवरी) के अवसर पर उनके उत्कृष्ट साहित्यिक अवदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय पाण्डेय जी ने अपनी सशक्त लेखनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की



साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपराओं को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बिलासपुर जिले के बालपुर गाँव में जन्मे स्वर्गीय लोचन प्रसाद पाण्डेय जी ने छत्तीसगढ़ी, हिन्दी एवं ओड़िया भाषाओं में सृजन करते हुए बहुभाषी साहित्य साधना का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी रचनाओं में लोकजीवन, नैतिक मूल्य, सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाएँ अत्यंत प्रभावशाली रूप में अभिव्यक्त हुई हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय पाण्डेय जी का साहित्य संयम, सदाचार, चरित्र निर्माण और सामाजिक जागरण का सशक्त माध्यम रहा है।छत्तीसगढ़ के साहित्यिक गौरव के रूप में उनका नाम सदैव आदरपूर्वक स्मरण किया जाता रहेगा। 'साहित्य वाचस्पति' सम्मान से अलंकृत उनका व्यक्तित्व और कृतित्व छत्तीसगढ़ की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। स्वर्गीय लोचन प्रसाद पाण्डेय की साहित्यिक विरासत आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरणा देती रहेगी।

## एक नजर

### चाकूबाजी मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**रायपुर, 4 जनवरी।** शराब पीने हेतु पैसे नहीं देने पर चाकू से वारकर चोट पहुंचाने वाला फरार आरोपी तोरण चन्द्राकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सागर निषाद ने थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दिनांक 26.11.2025 को लगभग 12 बजे अपने दोस्तों के साथ ग्राम धनेली स्थित शीतला तालाब नहाने के लिए गया था। उसी समय तोरण चंद्राकर व देवेन्द्र एक्टिवा वाहन में आकर प्रार्थी से शराब पीने हेतु पैसे की मांग किये, उसके द्वारा पैसा नहीं है बोलने पर दोनो प्रार्थी को अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का एवं अपने पास रखें किसी नुकीली वस्तु से मारकर चोट पहुंचाये तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गये, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना धरसींवा में धारा 119(1), 296, 115(2), 351(2), 3(5), 118(1) बी.एन.एस. तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चौकी प्रभारी सिलतरा (थाना धरसींवा) के नेतृत्व में चौकी सिलतरा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करते हुये पूर्व में आरोपी देवेन्द्र को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया था। प्रकरण में आरोपी तोरण चन्द्राकर घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था, कि टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी के छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही कर प्रकरण में आरोपी तोरण चन्द्राकर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बटनदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

### अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर समेत 4 गिरफ्तार

**रायपुर, 4 जनवरी।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफरायपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ओडिशा के एक अंतर्राज्यीय तस्कर सहित कुल चार आरोपियों को गांजा और प्रतिबंधित कफसिरप की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई है। आरोपियों के कब्जे से गांजा, प्रतिबंधित कफसिरप और तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त किया गया है। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 6 लाख 38 हजार रुपये आंकी गई है। मिली जानकारी के अनुसार 3 जनवरी 2026 को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि एक चारपहिया वाहन में कुछ लोग प्रतिबंधित कफ सिरप और मादक पदार्थ गांजा लेकर महासमुंद से रायपुर की ओर आ रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम ने आरंग क्षेत्र अंतर्गत लखौली स्थित पुराने टोल प्लाजा के पास नाकेबंदी और चेकिंग प्वाइंट लगाया। कुछ समय बाद मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का पिकअप वाहन मौके पर पहुंचा, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रोक लिया। वाहन में कुल चार लोग सवार थे। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने नाम डिलेश्वर मेहर निवासी ओडिशा, लेखू सिन्हा, निखिल सिन्हा और योगेश ध्रुव निवासी रायपुर बताया।

### उपमुख्यमंत्री जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित माता शाकम्बरी जयंती में हुए शामिल

# माता शाकम्बरी अन्न प्रकृति और करुणा की प्रतीक है : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा





- उपमुख्यमंत्री शर्मा ने मजगांव के भोयरा मरार पटेल समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण
- उप मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पर्व छेरछेरा की दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 4 जनवरी।** माता शाकम्बरी जयंती के पावन अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा कबीरधाम जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित जयंती समारोहों में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता शाकम्बरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्राम बेनदरची, मजगांव, सहसपुर लोहारा, लालपुर एवं मोहरा में पटेल समाज द्वारा आयोजित माता शाकम्बरी जयंती समारोहों में शामिल होकर समाजजनों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पर्व-परंपरा छेरछेरा की भी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सामाजिक एकता, दान और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री शर्मा ने मजगांव के भोयरा मरार पटेल समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि माता शाकम्बरी अन्न, प्रकृति और करुणा की प्रतीक हैं। उनका जीवन और संदेश समाज को आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि शाकम्बरी माता की उपासना हमें प्रकृति के प्रति सम्मान और संतुलित जीवन जीने की सीख देती है। बेनदरची में उन्होंने पटेल समाज के सदस्यों के साथ संवाद किया और सभी को माता शाकम्बरी जयंती की बधाई दी। उन्होंने क्षेत्र में सड़क, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन, शेड, स्टेडियम आदि निर्माण के संबंध में जानकारी ली और मुख्य मार्ग के निर्माण के लिए भी जनप्रतिनिधियों से चर्चा की।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्राम मझगांव में कहा कि पटेल समाज हमेशा से परिश्रमी और आत्मनिर्भर समाज रहा है, शाकम्बरी माता की कृपा से धन धान्य से सम्पन्न इस समाज ने हमेशा लोगों को मिल जुलकर कार्य करना सिखाया है। नवनिर्मित सामुदायिक भवन से भोयरा मरार पटेल समाज की सामाजिक गतिविधियों को भी गति प्राप्त होगी। लोहारा में शाकम्बरी माता जयंती समारोह में उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पटेल समाज बहुत ही स्वाभिमानी समाज रहा है, पटेल समाज से लोगों को सीखने की आवश्यकता है, अपने उद्यम से समाज द्वारा लोगों का पोषण किया जाता रहा है। उन्होंने माता शाकम्बरी से प्रार्थना करते हुए कहा कि इसी तरह सभी के घर धन धान्य से परिपूर्ण हों सभी के खेत लहलहायें, सभी स्वस्थ रहें ऐसी कृपा सभी पर बनी रहे। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की स्थिति की भी जानकारी ली।

इस अवसर पर जिला भोयरा मरार पटेल समाज के अध्यक्ष शंकर पटेल, संतोष पटेल, परदेशी पटेल, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, विजय पटेल, बोड़ला जनपद अध्यक्ष राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, लोहारा अध्यक्ष संतोष मिश्रा, संतोष पटेल, कांतिराम पटेल, भगत पटेल, ललिता सुखदास पटेल, भीम सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट, तीरथ पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## नए कॉलेज भवन में 2026 से पढ़ाई सुनिश्चित करने का निर्देश

- निर्माण में देरी पर नाराज हुए विधायक राजेश मूणत, अधिकारियों को दिया अल्टीमेटम

**रायपुर 4 जनवरी।** रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि शिक्षा से जुड़े निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कोटा स्थित निर्माणाधीन शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन को हर हाल में शिक्षा सत्र 2026 से पहले पूर्ण किया जाए। सोमवार सुबह ठीक 8:00 बजे, विधायक मूणत नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ कोटा क्षेत्र में राम दरबार के पीछे बन रहे नवीन महाविद्यालय भवन का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान निर्माण की धीमी रफ्तार देखकर उन्होंने असंतोष जताया और अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।



**4.65 करोड़ की लागत, लेकिन प्रगति असंतोषजनक:** लगभग 4 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से 4786 वर्ग मीटर क्षेत्र में बन रहे इस कॉलेज भवन के कार्य की गति को विधायक ने कछुआ चाल करार दिया। उन्होंने कहा कि भूमि पूजन के समय जिस गति से कार्य आगे बढ़ने की उम्मीद थी, वह धरातल पर नजर नहीं आ रही है। मौके पर ही उन्होंने अधिकारियों को तत्काल वर्क प्लान प्रस्तुत करने, मैनपावर बढ़ाने और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधायक श्री मूणत ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय के करीब 500 छात्र संस्कृत कॉलेज के भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगस्त 2026 तक नए भवन का निर्माण पूर्ण कर छात्रों को स्थानांतरित किया जाना अनिवार्य है।

### 134 पुनर्वासित युवाओं को जैविक खेती व पर्यटन स्थलों का कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

# उन्नत कृषि के प्रशिक्षण की पुनर्वासित युवाओं ने जताई इच्छा

**रायपुर, 4 जनवरी।** पुनर्वासित युवाओं को समाज की मुख्यधारा में लौटाने एवं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दंतेवाड़ा में जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी द्वारा 134 पुनर्वासित युवाओं के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक, कृषि एवं पर्यटन भ्रमण का आयोजन कराया गया।

गौरतलब है कि हाल ही में हितग्राहियों ने जिला प्रशासन के समक्ष कृषि एवं पर्यटन क्षेत्रों के व्यावहारिक भ्रमण की इच्छा व्यक्त की थी। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उस भ्रमण के माध्यम से युवाओं को प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा एवं वे



आजीविका के नए अवसरों को भी जान सकें।

**उन्नत जैविक खेती की तकनीकों को जाना:** लाइवलीहुड कॉलेज प्रशिक्षकों की उपस्थिति में कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों तथा भूमगादी जैविक क्लस्टर के समन्वयकों द्वारा पुनर्वासित युवाओं को जैविक खेती की आधुनिक एवं व्यावहारिक तकनीकों की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने रासायनिक उर्वरकों के बिना कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की विधियों, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा जैविक उत्पादों के बाजारीकरण से जुड़ी जानकारियों को बारीकी से समझा।

**पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर जाने आजीविका के नवीन अवसर:** कृषि के साथ-साथ हितग्राहियों को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्हें स्थानीय पर्यटन की संभावनाओं, होम-स्टे, गाइड सेवाओं, हस्तशिल्प एवं स्थानीय उत्पादों के माध्यम से रोजगार सृजन के अवसरों से अवगत कराया गया।

**विशेष आवासीय प्रशिक्षण की मांग:** भ्रमण से उत्साहित पुनर्वासित युवाओं ने लाइवलीहुड कॉलेज प्रशासन के समक्ष सामूहिक रूप से यह आग्रह रखा कि उनके लिए दो से तीन दिवसीय विशेष आवासीय कृषि प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। उनका कहना था कि इस तरह के गहन प्रशिक्षण से वे 'घर वापसी' के बाद अपने गांवों में उन्नत जैविक खेती को अपनाकर स्थायी आजीविका विकसित कर सकेंगे और आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे। जिला प्रशासन ने हितग्राहियों की इस सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए भविष्य में उनके कौशल विकास एवं स्वरोजगार से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया है।

## देवभोग को दुग्ध का ब्रांड बनाया जाएगा : रामविचार

- दुग्ध उत्पादन में वृध्दि के लिए छत्तीसगढ़ में उठाए जा रहे क्रांतिकारी कदम
- कड़कनाथ मुर्गा तथा सरगुजा बकरी पालन करने नए काम कर रहे

**रायपुर, 4 जनवरी।** प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के वृद्धि में कई उपाय किए जा रहे हैं। देवभोग को लोकप्रिय ब्रांड बनाने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय नेशनल डेयरी बोर्ड से अनुबंध कर दुग्ध उत्पादन दी दिशा में नया कदम उठाया जाएगा।



आज संवाद आडिटोरियम में आयोजित पत्रकारवार्ता में पशु, कृषि, दुग्ध उत्पादन मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि नवीन दुग्ध समितियों का गठन किया गया है। जिसमें 336 का पंजीयन हुआ है। नवीन आधुनिक संयंत्र की स्थापना जिसमें 26 हजार किलोग्राम प्रतिदिन क्षमता बेमेतरा में 4 हजार लीटर प्रति दिवस क्षमता का संयंत्र, अस्मिता दुग्ध उत्पादन संगठन में 800 गांवों 32 हजार महिलाओं कार्यकर्ताओं से एक लाख लीटर दुग्ध का संकलन, 2 हजार लीटर का शीतलीकरण जशपुर में स्थापित किया गया है। 50 समितियों ने दुग्ध संकलन की स्थापना की गई है। अंजोरा में पशु चिकित्सा महाविद्यालय खोला गया है जिसमें 884 छात्र अध्ययनरत है। सरगुजा बकरी, सोनकुकरी तथा मछली पालन के क्षेत्र में नए कार्य किए जा रहे हैं। मत्स्य सहकारी समितियों को 3 लाख का अनुदान दिया जा रहा है। कैज कल्चर को बढ़ावा दिया जा रहा है।

विशेष उपलब्धि

**बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट पुरस्कार 2024 :** छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर जिले को उत्कृष्ठ मछली पालन कार्य हेतु विश्व मात्स्यिकी दिवस पर वर्ष 2024 में भारत शासन द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

**बेस्ट फिश फार्मर प्रमाणपत्र 2025 :** देश में मछली पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए वर्ष 2025-26 में सुखदेव दास, रायपुर एवं अब्दुल जमील, महासमुंद को राष्ट्रीय मछुआ दिवस के अवसर पर बेस्ट, फिश फार्मर प्रमाणपत्र से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, अंतरदेशीय मत्स्यिकी अनुसंधान संस्थान बैरकपुर द्वारा सम्मानित किया गया।

### यात्रियों, वाहन चालकों एवं फील्ड स्टॉफ को आपात परिस्थितियों से निपटने दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

# सड़क दुर्घटना में आपात स्थिति से निपटने मॉक-ड्रिल किया

- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा अभियानों व प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन
- सीपीआर देने की वैज्ञानिक तकनीक के लाइव-डेमो के साथ ही अचानक बेहोशी, अत्यधिक रक्तस्राव एवं सांस लेने में कठिनाई जैसी मेडिकल आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार की दी गई जानकारी

**रायपुर, 4 जनवरी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने प्रदेशभर में सड़क सुरक्षा अभियान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज राष्ट्रीय राजमार्गङ्क53 पर लाइव मॉक-ड्रिल किया गया।





मॉक-ड्रिल के दौरान यात्रियों, वाहन चालकों एवं एनएचएआई के फील्ड स्टॉफ को कई तरह की आपात परिस्थितियों से निपटने व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान दौरान विशेषज्ञों ने सड़क दुर्घटना और मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने के तरीकों का प्रदर्शन भी किया।

मॉक-ड्रिल के दौरान विशेषज्ञों ने हार्ट-अटैक की स्थिति में सीपीआर देने के सही एवं वैज्ञानिक तकनीक का लाइव-डेमो दिया। उन्होंने अचानक बेहोशी, अत्यधिक रक्तस्राव, सांस लेने में कठिनाई जैसी मेडिकल आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार की भी जानकारी दी। मॉक-ड्रिल में वाहन में तकनीकी खराबी और सड़क दुर्घटना में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की भी जानकारी दी गई। दुर्घटना के बाद यात्रियों को सुरक्षित ढंग से वाहन से बाहर निकालने, संयम बनाए रखने तथा इस दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में भी विशेषज्ञों ने विस्तार से बताया।

कोहरे एवं रात्रि यात्रा में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के प्रयास

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान एनएचएआई द्वारा सर्दियों के मौसम में कोहरे एवं रात में यात्रा के दौरान दुर्घटना की संभावना को कम करने वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा रहे हैं। साथ ही वाहन चालकों एवं यात्रियों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन सुनिश्चित करने की अपील भी की जा रही है।

## झीरम हमले के बाद कांग्रेस के लोग अपने ही नेताओं पर संदेह कर रहे हैं : भाजपा

**रायपुर, 4 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कांग्रेस नेता विकास तिवारी के पार्टी से निष्कासन को 'सच बोलने की सजा' बताया है। दीपक ने कहा कि कांग्रेस दूसरों पर कीचड़ उछालने की राजनीति तो खूब करती है, लेकिन अपने कीचड़ सने हाथों की सफाई की नसीहत कांग्रेस को कितनी नागवार गुजरी, यह तिवारी के कांग्रेस से निष्कासन से पूरे प्रदेश को पता चल गया। लोकतंत्र की हत्या होने की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी में खुद आंतरिक लोकतंत्र की कमी है और किसी भी कार्यकर्ता द्वारा प्रश्न उठाना कांग्रेस पार्टी को स्वीकार नहीं है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का नार्को टेस्ट कराने का शोर मचाते कांग्रेस नेताओं को अपना नार्को टेस्ट कराने में इतनी बेचैनी क्यों हो रही है झीरम घाटी के नक्सली हमले में प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की शहादत पर राजनीतिक रोटियाँ सेंकते आ रहे कांग्रेस नेताओं को अब क्या अपने बेनकाब होने का डर सता रहा है दीपक ने कहा कि झीरम हमले के बाद कांग्रेस के लोग अपने ही नेताओं पर संदेह कर रहे हैं और कांग्रेस से तिवारी का निष्कासन इस संदेह की तस्दीक कर रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक ने कहा कि अपने कोट की जेब में झीरम घटना के सबूत लेकर घूमने की डींगें हाँकते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आखिर झीरम का सच सामने क्यों नहीं आने दे रहे हैं झीरम काण्ड पर न्यायिक जाँच आयोग की रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर नहीं रखकर बघेल ने किन-किनको बचाने का प्रयास किया।

## अब देश के विषय में भी लोग सोचें


पुराने साल के विदा होने पर हम नववर्ष का स्वागत करते हैं,उत्सव मनाते हैं, हम चाहते हैं कि नया साल पिछले साल से ज्यादा अच्छा हो लेकिन चाहने भर से कोई साल किसी के लिए या सभी के लिए पिछले साल से तो अच्छा नहीं हो सकता।नया साल का उत्सव मनाना चाहिए लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए यह समय यह भी ध्यान देने का है कि पिछले साल क्या गलती हुई है, कहां असफल हो गए थे, क्यों असफल हो गए थे। सफल होने के लिए क्या करना होगा। कोई अच्छा काम किए हैं तो उसी तरह और अच्छा कैसे कर सकते हैं यह भी सोचना चाहिए। यानी नववर्ष पर आत्ममंथन के साथ ही यह संकल्प लेना चाहिए कि मुझे यह करना है और सफल भी होना है। साथ ही व्यक्तिगत संकल्प के साथ सामूहिक संकल्प भी लेना चाहिए क्योंकि हम अकेले नहीं है हमारा परिवार है,समाज है,देश है। सब के विषय मे अच्छा सोचना हमारी जिम्मेदारी है।

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान लोगों को यही संदेश दिया है कि आप सोच नहीं रहे हैं तो आपको सोचना शुरू करना चाहिए कि हम अपने देश व समाज के विषय में कितना सोच रहे हैं क्या हम अपने परिवार के विषय में सोच रहे हैं तो यह गलत है तो कैसे गलत है। उन्होंने सोनपैरी में आयोजित हिंदू सम्मेलन में लोगों को संदेश दिया कि भारत के लोगों को यह सोचना होगा कि मैं, मेरा परिवार,मेरा समाज यह सब देश के होने पर ही है। देश है तो सब है।देश खतरे में पड़ा तो परिवार भी खतरे में होगा।इसलिए हमें अपने परिवार कल्याण के साथ साथ समाज व देश के कल्याण के बारें में सोचना होगा।भारत का कल्याण होगा तो परिवार व समाज का कल्याण होगा।भारत का कल्याण होगा तो भारत पूरे विश्व का कल्याण करेगा। देश में आरएसएस सौ साल से यही कर रहा है। लोगों को बता रहा है,समझा रहा है कि आपको अपने परिवार से लेकर देश के बारे मे सोचना है, करना है,यह आपकी जिम्मेदारी है। इस काम को करते संघ को सौ साल हो गए हैं तो वह इस मौके पर संघ समाज व लोगों के बीच आया है बता रहा है कि अभी कुछ काम हुआ है, अभी बहुत काम बाकी है और उसे हम सबको मिलजुल कर करना है।मोहन भागवत ने लोगों को बताया कि यह सिर्फ का संघ काम नहीं हैं हिंदू समाज को जोड़ना, उसे एकजुट करना,उसे बताना कि मैं के बारे में नहीं सोचना है, हम के बारें सोचना है।मेरा कल्याण हो नहीं सोचना है, हमारा कल्याण हो सोचना है,सबका कल्याण हो सोचना है।हमारा एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि हिंदू संस्कृति,हिंदू समाज व हिंदू राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति। इस मौके पर हिंदू सम्मेलन में यूपी के लखीमपुरी खीरी से संत असंग देव को बुलाया गया था और गायत्री परिवार से जुड़ी उर्मिला नेताम को भी बुलाया गया था और यह संदेश दिया गया कि हिंदू समाज में पंथ व संप्रदाय तो कई हैं लेकिन वह भी आरएएसएस का ही काम कर रहे हैं। हिंदू समाज को एकजुट व जगाने का काम कर रहे है,इसलिए उनका भी सम्मान होना चाहिए और उनको अपना समझना चाहिए।इस मौके पर संत असंग देव ने कहा कि जाति,पंथ व संप्रदाय में टूटे तो कूटे जाओगे। हम पहले हिंदू है,फिर पंथ है, फिर संप्रदाय है।उन्होंने लोगों से अहंकार छोड़ने व संस्कार अपनाने की अपील की । वहीं गायत्री परिवार से जुड़ी उर्मिला नेताम ने इस मौके पर कहा कि नारियों के सशक्त होने पर ही समाज व देश बदलेगा।नारियां सशक्त होंगी तो युग बदलेगा। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि परिवारों को जोड़े रखना,नई पीढ़ी में संस्कार लाना,नशे के विरुध्द जनजागरण से ही युग बदलेगा। आरएसएस हिंदू राष्ट्र की बात करता है तो वह भी तब ही होगा जब लोग बदलेंगे, परिवार बदलेगा,समाज बदलेगा,देश बदलेगा। सौ साल यह काम निरंतर किया जा रहा है। अब जाकर हिंदू समाज जाग रहा है, एकजुट हो रहा है,अपनी ताकत को जान रहा है कि वह क्या कर सकता है।अभी इसमें और लंबा समय लगेगा। इसके लिए सभी लोगों को जागना होगा, आरएसएस यही काम कर रहा है,यही काम करने रायपुर छत्तीसगढ़ मोहन भागवत आए थे। इसके लिए मोहन भागवत ने जो छह मंत्र दिए है, वह भी इसी काम के लिए है कि हम खुद जागे और दूसरो को भी जगाएं। हम बदलेंगे तो युग बदलेगा, नए साल की शुरुआत में सरसंघचालक ने आकर राज्य के लोगों को यह संदेश दिया है तो हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम बदलेंगे तो युग भी जरूर बदलेगा।

स्वास्थ्य संकट

# इंदौर जल प्रदूषण संकट : दर्पण झूठ न बोले

तनवीर जाफ़री




मध्य प्रदेश के महानगर इंदौर के भागीरथपुरा इलाक़े में दिसंबर 2025 के जाते जाते दूषित पेयजल की वजह से एक बड़ा स्वास्थ्य संकट पैदा हो गया। इस घटना ने उस इंदौर शहर की हक़ीक़त को उजागर कर दिया जिसे भारत का सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव भी हासिल है। ग़ौर तलब है कि जुलाई 2025 में घोषित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के परिणामों के अनुसार इंदौर ने लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का ख़िताब जीता है। यह भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा कराया जाने वाला विश्व का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण बताया जाता है। यह रैंकिंग कचरा प्रबंधन, नागरिक भागीदारी, स्वच्छता और स्वच्छता सम्बन्धी अन्य मानकों पर आधारित है। हालांकि गत वर्षांत में इंदौर में स्वच्छ पानी की पाइप लाइन में सीवरेज के गंदे व प्रदूषित पानी मिले होने की घटना स्वच्छता सर्वेक्षण के दायरे यानी मुख्य रूप से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से अलग मुद्दा है, लेकिन निश्चित रूप से इस घटना ने इंदौर के नंबर वन होने के 'ख़िताब' पर प्रश्न चिन्ह ज़रूर खड़ा कर दिया है। इस घटना से एक सवाल यह भी खड़ा हो गया है कि जब लगातार आठ बार भारत के सबसे स्वच्छ रहने का ख़िताब जीतने वाले महानगर इंदौर के लोग सीवरेज युक्त पेयजल पीने को मजबूर हैं तो उन शहरों का क्या जिनकी गिनती ही देश के गंदे शहरों में होती है ? इस घटना के बाद सत्ता की ओर से कई तरह की 'बाज़ीगरी' करने की कोशिश की गयी। लोगों की मौतों के आंकड़े को छुपाने व कम बताने की कोशिश की गयी। एक तरफ़ अस्पताल की रिपोर्ट व प्रभावित परिजनों के दावे 16 लोगों की मौत की पुष्टि कर रहे थे तो राज्य सरकार उच्च न्यायलय में केवल चार लोगों की मौत का दावा करती रही। ख़बरों के अनुसार इस घटना से 1400 से अधिक लोग उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन और बुख़ार जैसी समस्याओं से प्रभावित हुए। इनमें से लगभग 260 लोग अस्पताल में भर्ती हुए। उधर इसी विषय पर मध्य प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में दूषित पानी से कई लोगों की मौत और बीमारी के मामले पर मीडिया के सवालों से नाराज़ होकर एक पत्रकार से निहायत बदतमीज़ी भरा व्यवहार किया। जब उनसे एक टी वी रिपोर्टर ने पूछा कि साफ़ पानी की व्यवस्था क्यों अपर्याप्त है। इस पर विजयवर्गीय भड़क गए और कहा, "छोड़ो यार, फोकट (फालतू) के सवाल मत पूछो।" "क्या घंटा होकर आए हो तुम?" जैसे आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया। हालांकि बाद में विजयवर्गीय ने माफ़ी मांग कर मामले को रफ़ा दफ़ा करने की कोशिश ज़रूर की परन्तु तब तक इन घटिया शब्दों द्वारा व्यक्त किये गये उनके भीतर के 'उदगार ' उनकी सरकार की विफलता की खीज के रूप में प्रकट हो चुके थे। बहरहाल इस घटना ने देश की उस वास्तविकता को एक बार फिर बेनक़ाब कर दिया है जहाँ विकास के तमाम दावों व आंकड़ों के बावजूद देश के आम लोगों को अभी तक पीने का साफ़ पानी तक मयस्सर नहीं है। वास्तव में भारत में प्रदूषित जल का सेवन एक लंबे समय से चली आ रही समस्या है, जो औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, कृषि क्रांति और जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी हुई है। यह समस्या न केवल स्वास्थ्य पर असर डालती है, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय नुक़्सान भी पहुंचाती है। गंगा और यमुना जैसी देश की अनेक नदियों में अनुपचारित सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट डालना भी जलजनित बीमारियों का मुख्य कारण है। हरित क्रांति के दौर में जब उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग बढ़ा, उस दौर में भूजल में नाइट्रेट प्रदूषण फैलने की ख़बरें आईं। उस समय देश के 56% ज़िलों में इसका प्रभाव पाया गया। इसी तरह डी डी टी जैसे कीटनाशकों के अत्यधिक उत्पादन व प्रयोग से इनके अवशेष जल में बने रहे। साथ ही औद्योगिक विकास के नाम पर नदियों में लीड, कैडमियम, आर्सेनिक जैसी भारी धातुओं का प्रदूषण बढ़ा। इस दौर में भी कॉलरा(हैज़ा ) और डायरिया जैसी महामारियां बढ़ीं, और मौतों की संख्या में और भी वृद्धि हुई। सूत्रों के अनुसार आज भी भूजल अर्थात 85% ग्रामीण इलाक़ों में पीने का पानी नाइट्रेट, धातुओं और बैक्टीरिया से प्रदूषित है। इसके अलावा बाढ़ से भी प्रदूषण बढ़ता है।

अब रहा सवाल जल आपूर्ति लाइन में सीवरेज का पानी मिलकर प्रदूषित जल आपूर्ति होने का, तो यह कोई अकेले इंदौर की समस्या मात्र नहीं बल्कि देश के तमाम शहर व इलाक़े ऐसी समस्याओं का शिकार हैं। उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन और बुख़ार जैसी बीमारी की समस्यायें आज घर घर की समस्याएं बन चुकी हैं। इसका मुख्य कारण है भूमिगत जल पाइप लाइन का प्रायः भूमिगत सीवर लाइनों के साथ साथ या उसके समानांतर बिछा होना। यह समस्या उस समय और भी विकराल रूप धारण कर लेती है जबकि सीवर लाइनें ओवर छो हो कर भूमिगत सीवरेज रिसाव को बढ़ाती हैं और साथ ही यदि भूमिगत जल पाइप लाइन में भी लीकेज हो तो सीवर और पीने के पानी मिक्स हो जाता है।

वास्तव में यह समस्या ग़लत योजना,भ्रष्टाचारपूर्ण निर्माण, समय पर रखरखाव का अभाव,प्रशासनिक लापरवाही व ऐसी समस्याओं की लगातार अनदेखी करने के कारण होती हैं। यही वजह है कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जल और स्वच्छता से संबंधित बीमारियों से लगभग 400,000 मौतें प्रति वर्ष दर्ज होती हैं जबकि प्रदूषित पानी से लगभग 300,000 बच्चे प्रतिवर्ष मरते हैं तथा डायरिया से क़रीब 1,600 मौतें प्रतिदिन होती हैं। विश्व बैंक के अनुसार ऐसी 21% संक्रामक बीमारियां असुरक्षित जल से जुड़ी हैं । देश की आर्थिक स्थिति पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। पर्यावरणीय क्षति से 3.75 ट्रिलियन रुपये अर्थात 80 बिलियन डॉलर का वार्षिक नुक़्सान होता है क्योंकि इससे स्वास्थ्य लागत लगभग 470-610 बिलियन रुपये यानी 6.7-8.7 बिलियन बढ़ जाती है। साथ ही प्रदूषित क्षेत्रों में कृषि राजस्व में 9% की और उपज में 16% की अनुमानित कमी आती है। लिहाज़ा यह कहना ग़लत नहीं होगा कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में सीवर मिश्रित दूषित पानी से हुई 15 (फ़िलहाल ) मौतों ने यह साबित कर दियाहै कि "इंदौर में स्वच्छ पानी नहीं, बल्कि ज़हर मिश्रित जलापूर्ति की गयी। स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की गयी, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई? सीवर का प्रदूषित मलयुक्त जल पीने के पानी में कैसे मिला? समय पर सप्लाई बंद क्यों नहीं की गई? ज़ाहिर है कि स्वच्छ जल हासिल करना प्रत्येक देशवासियों के जीवन का अधिकार है। परन्तु इंदौर में उपजे जल प्रदूषण संकट से भारतीय जनता पार्टी की कथित डबल इंजन सरकार ने यह साबित कर दिया है कि दर्पण कभी भी झूठ नहीं बोलता।

## घुंघरू पायल का फिर छाया जादू

पैरों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए घुंघरू पायल के लेटेस्ट डिजाइन आजकल काफी ट्रेंड में हैं, जिन्हें एथनिक आउटफिट के साथ स्टाइल किया जा सकता है। इस लेख में झालर, हैवी वर्क और जाली पैटर्न वाली पायल के खास डिजाइंस के बारे में जानें, जो आपके लुक को परफेक्ट बना सकते हैं। इसमें कोई दोहराए नहीं है महिलाओं को ज्वेलरी स्टाइल करना सबसे ज्यादा पसंद होता है। महिलाएं अक्सर अलग-अलग डिजाइन वाली ज्वेलरी खरीदकर आउटफिट के साथ जरुर पहनती हैं। ऐसे ही आप अपने पैरों की



खूबसूरती बढ़ाने के लिए के लिए पायल खरीद सकती हैं। घुंघरू डिजाइन वाली पायल आजकल काफी ट्रेंड में है, इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन में कई तरह के डिजाइन मिल सकते हैं। जिसे वियर करके आपके पैर खूबसूरत नजर आएंगे। इसके साथ ही आप सबसे अलग और प्यारी लगेंगी। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे घुंघरू पायल के अलग-अलग डिजाइन।

**झालर डिजाइन वाली घुंघरू पायल डिजाइन**-पैरों को खूबसूरत बनाने के लिए आप ट्रेंडी झालर डिजाइन वाील घुंघरू पायल को वियर कर सकते हैं। इस तरह की पायल काफी सिंपल और लाइट वर्क डिजाइन की होती है। एक बार इस पायल को पहनने से आपके पैर भी काफी खूबसूरत दिखेंगे। इस तरह की सुंदर पायल आप वियर कर सकती हैं। आप चाहे तो ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद सकते हैं।

**हैवी डिजाइन वाली घुंघरू पायल**-आप पैरों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए हैवी डिजाइन वाली घुंघरू पायल खरीदना चाहती हैं, तो इस डिजाइन वाली पायल जरुर खरीद सकते हैं। इसमें पैर भी बेहद खूबसूरत लगते हैं। आप इस तरह की पायल किसी को गिफ्ट कर सकती हैं। हैवी डिजाइन वाली घुंघरू पायल को आप मार्केट खरीद सकते हैं, चाहे फिर चांदी की पायल खरीद सकते हैं।

**घुंघरू पायल डिजाइन**-यदि आपको ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करना हैं, तो आप इस तरह की घुंघरू पायल को खरीद सकते हैं। यह पायल पैरों की सुंदरता बढ़ाएगी। मार्केट में आपको घुंघरू वाली पायल आसानी से मिल जाएगी या फिर आप ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। घुंघरू वाली पायल एथनिक आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं।

**जाली वर्क डिजाइन वाली घुंघरू पायल**-पैरों की खूबसूरती को निखारने के लिए जाली डिजाइन वाली घुंघरू पायल एक बेहतरीन विकल्प है। इसे पहनने से आपके पैर और भी आकर्षक दिखाई देंगे। ऐसी पायल अलग-अलग डिजाइन में उपलब्ध होती है, जिसमें सुंदर स्टोन वर्क भी देखने को मिलता है। खास मौकों पर इस तरह की पायल पहनकर आप अपने लुक को और खास बना सकती हैं और अपने पैरों की सुंदरता को उभार सकती हैं।

## राशिफल

मेष राशि आज आपका आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल बढ़ेगा, बड़े निर्णयों में सफलता मिलेगी। सरकारी या नए अवसरों में लाभ हो सकता है। पुराने लंबित कामों का निपटारा होने से मन हल्का रहेगा।

**वृषभ राशि**
करियर तथा रोजगार में लाभकारी समय है। पदोन्नति, सम्मान या नई जिम्मेदारी पाने के योग बन रहे हैं। पारिवारिक जीवन में संतुलन और खुशियाँ बनी रहेंगी।

**थिुन राशि**
आज का दिन सामान्य से चलता रहेगा। नए संपर्क और कुछ लाभ के अवसर मिल सकते हैं, पर स्वास्थ्य और वित्त में सतर्कता की आवश्यकता है। किसी की सलाह में निर्णय न लें।

**कर्क राशि**
चंद्रमा अपने स्वराशि में होने से भावनात्मक संतुलन और पारिवारिक समय महत्वपूर्ण रहेगा। आध्यात्मिक रुचि और सीखने-समझने की इच्छा बढ़ सकती है। तनाव से बचें और सोच-समझकर बोलें।

**सिंह राशि**
आज का दिन मेहनत और सकारात्मक बदलाव वाला रहेगा। प्रेम-जीवन में मधुरता, यात्रा के योग और माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आर्थिक निर्णय

**कन्या राशि**
करियर में सफलता के संकेत हैं। काम का बोझ रहेगा लेकिन परिणाम संतोषजनक मिलेगा। पारिवारिक गतिविधियाँ सुखद होंगी, और पुरानी गलतियों से सीख लेकर बढ़ें।

**तुला राशि**
कार्य और लाभ के नए अवसर बन सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को प्रशंसा मिलेगी, पारिवारिक जीवन संतोषजनक रहेगा। संतान और प्रेम संबंधों से चिंता कम होगी।

**वृश्चिक राशि**
आज प्रतिष्ठा में वृद्धि और नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक-पारिवारिक मेल-जोल अच्छा रहेगा, लेकिन किसी सरकारी / कानूनी मामले में भागदौड़ बनी रह सकती है।

**धनु राशि**
ऊर्जावान दिन है, पर ऊर्जा को सही दिशा में लगाना महत्वपूर्ण है। पुराने उधार वसूल हो सकते हैं, तथा बातचीत से रिश्ते बेहतर होंगे। बॉस या वरिष्ठों की बातों पर ध्यान दें।

**मकर राशि**
आज संपत्ति-व्यवसाय और घर-परिवार से जुड़े निर्णय लाभदायक रहेंगे। कार्यक्षेत्र में खुशखबरी और नई शुरुआत के संकेत हैं, लेकिन गोपनीय बातों को साझा करने में सावधानी रखें।

**कुंभ राशि**
दिन काफी सकारात्मक रहेगा। आप अपनी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे और परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। मेहनत का फल मिलने की प्रबल सम्भावना है।

**मीन राशि**
आज आपके लिए प्रेम-और-रचनात्मक अवसर प्रबल रहेंगे। पारिवारिक और सामाजिक सहयोग मिलेगा, जिससे रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेंगी और मानसिक संतुलन बेहतर रहेगा।

विश्लेषण

# निर्विरोध चुनाव बनाम नोटा

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र



वैश्विक स्तरपर भारत, जिसे गर्व से विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, वहाँ चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि यह जनता की सामूहिक चेतना,असहमति, सहमति और विश्वास का संवैधानिक माध्यम हैं। लोकतंत्र की आत्मा इस सिद्धांत पर टिकी है कि सत्ता जनता से निकलती है, जनता द्वारा संचालित होती है और जनता के हित में कार्य करती है। ऐसे में यह प्रश्न अत्यंत गंभीर हो जाता है कि जब किसी निर्वाचन क्षेत्र में केवल एक ही उम्मीदवार मैदान में रह जाता है और वह निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया जाता है, तब मतदाता की इच्छा, असहमति औरअधिकार का क्या होता है? विशेषकर तब, जब वही मतदाता नोटा (नन ऑफ़ द अबव) जैसे विकल्प के माध्यम से यह कहने का संवैधानिक अधिकार रखता है कि हमें यह उम्मीदवार स्वीकार नहीं है।जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 53(2)स्पष्ट रूप से कहती है कि यदि किसीनिर्वाचन क्षेत्र में जितने पद हैं, उतने ही उम्मीदवार शेष रह जाएँ, तो निर्वाचन अधिकारी उन्हें बिना मतदान के निर्वाचित घोषित करेगा। इसी प्रकार, चुनाव संचालन नियम, 1961 का नियम 11, तथा फॉर्म 21 और 21बी, निर्विरोध चुनाव के परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया को वैधानिक रूप देते हैं।कानूनी दृष्टि से यह व्यवस्था प्रशासनिक सरलता और संसाधनों की बचत के उद्देश्य से बनाई गई थी। किंतु आज, जब लोकतंत्र केवल प्रक्रिया नहीं बल्कि जन- भागीदारी और जन-सहमति का प्रतीक बन चुका है,तब यह प्रावधान अपने औचित्य परपुनर्विचार की माँग करता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि भारतीय संविधान केवल शासन की संरचना नहीं,बल्कि एक जीवंत लोकतांत्रिक दस्तावेज है,जिसकी आत्मा जन -सहमति, जन-भागीदारी और जन-उत्तरदायित्व में निहित है।भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहे जाने का आधार केवल चुनावों की संख्या नहीं, बल्कि यह तथ्य है कि यहाँ प्रत्येक नागरिक को राजनीतिक भागीदारी और अभिव्यक्ति का समान अधिकार प्राप्त है।ऐसे में जब किसी निर्वाचन क्षेत्र में कोई उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया जाता है और मतदाताओं को मतदान का अवसर ही नहीं दिया जाता,तब यह प्रश्न उठनास्वाभाविक है कि क्या यह व्यवस्था संविधान की मूल भावना के अनुरूप है?भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनावों की संवैधानिक रूपरेखा निर्धारित की गई है। यद्यपि मतदान का अधिकार एक वैधानिक अधिकार है,किंतु सर्वोच्च न्यायालय ने समय- समय पर यह स्पष्ट किया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान के मूल ढाँचे का हिस्सा हैं। लोकतंत्र में चुनाव का अर्थ केवल प्रतिनिधि चुनना नहीं है, बल्कि यह नागरिक की सहमति और असहमति दोनों की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यदि किसी नागरिक को केवल स्वीकृति का अवसर मिले, परंतु अस्वीकृति का नहीं, तो लोकतंत्र अधूरा रह जाता है।

साथियों बात अगर हम नोटा, असहमति का संवैधानिक अधिकार इसको समझने की करें तो, भारत में नोटा विकल्प को 2013 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले (पीयूसीएल बनाम भारत संघ) के माध्यम से मान्यता दी गई। इसका उद्देश्य स्पष्ट था,मतदाता को यह अधिकार देना कि वह चुनाव में भाग तो ले,परंतु किसी भी उम्मीदवार को स्वीकार न करे।नोटा लोकतंत्र में नकारात्मक सहमति (नेगेटिव कंसट) का प्रतीक है। यह वोटर की वह चुप आवाज़ है जो कहती है,मैं चुनाव प्रणाली में विश्वास करता हूँ, लेकिन उम्मीदवारों में नहीं।ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब चुनाव ही नहीं होता, तो नोटा का अस्तित्व किस लिए? यह विकल्प मतदाता की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19 (1)(a) से जुड़ा हुआ है। नोटा का उद्देश्य यह था कि नागरिक यह कह सके,मैं चुनाव प्रणाली में विश्वास करता हूँ, किंतु प्रस्तुत विकल्पों से संतुष्ट नहीं हूँ।नोटा, संविधान के उस मूल सिद्धांत को मूर्त रूप देता है, जिसमें नागरिक को केवल शासक चुनने का नहीं, बल्कि शासन के स्वरूप पर प्रश्न उठाने का भी अधिकार भी प्राप्त है। साथियों बात अगर हम निर्विरोध चुनावः धारा 53(2) और संवैधानिक द्वंद्व इसको गहराई से समझने की करें तो जन प्रतिनिधित्व अधिनियम1951 की धारा 53 (2)के अनुसार यदि किसी निर्वाचन क्षेत्र में उतने ही उम्मीदवार रह जाएँ जितनी सीटें हैं, तो निर्वाचन अधिकारी उन्हें बिना मतदान के निर्वाचित घोषित कर देगा। चुनाव संचालन नियम, 1961 का नियम 11 तथा फॉर्म 21/21बी इस प्रक्रिया को औपचारिक रूप देते हैं।यह प्रावधान प्रशासनिक सुविधा और व्यावहारिकता के लिए बनाया गया था, किंतु आज के संवैधानिक परिप्रेक्ष्य में यह प्रश्न उठता है कि क्या यह व्यवस्था- जन-सहमति राजनीतिक समानताऔर लोकतांत्रिक नैतिकता के सिद्धांतों के अनुरूप है?संविधान का मूल दर्शन यह है कि सत्ता जनता की इच्छा से उत्पन्न होती है।जब निर्विरोध चुनाव में मतदाता को मतदान का अवसर ही नहीं दिया जाता, तब उसकी इच्छा चाहे वह समर्थन की हो या विरोध, की संवैधानिक रूप से अदृश्य बना दी जाती है।यह स्थिति लोकतंत्र को जनता की सरकार से कानून द्वारा थोपी गई सरकार की ओर ले जाती है, जो संवैधानिक नैतिकता बिल्कुल विपरीत है। साथियों बात अगर हम एक उम्मीदवार, शून्य विकल्पःक्या यह लोकतंत्र है? इसको समझने की करें तो,जब किसी सीट पर केवल एक उम्मीदवार बचता है और उसेनिर्विरोध विजयी घोषित कर दिया जाता है, तो मतदाता के सामने कोई विकल्प नहीं रह जाता। न समर्थन का, न विरोध का। यह स्थिति लोकतंत्र के मूल सिद्धांत,चॉइस (चयन) को निष्प्रभावी बना देती है।यदि मतदाताओं का बड़ा वर्ग यह मानता है कि वह उम्मीदवार जनहित का प्रतिनिधित्व नहीं करता,फिर भी कानून उसे प्रतिनिधि बना देता है।यह लोकतंत्र नहीं,बल्कि वैधानिक एकाधिकार की स्थिति बन जाती है।

साथियों बात अगर हम सुप्रीम कोर्ट में उठा सवालःनोटा बनाम निर्विरोध जीत इसको समझने की करें तो, इसी संवैधानिक द्वंद्व को लेकर विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी द्वारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई, जिसमें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 53(2) और चुनाव संचालन नियम, 1961 को चुनौती दी गई। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने टिप्पणी की कि यह एक बहुत रोचक और महत्वपूर्ण मुद्दा है। पीठ ने यह भी पूछा कि, क्या केवल एक उम्मीदवार वाले चुनावों में मतदाताओं को नोटा का विकल्प नहीं दिया जा सकता? यह टिप्पणी अपने आप में इस बात का संकेत है कि न्यायपालिका भी इस व्यवस्था को लोकतांत्रिक कसौटी पर परखने को तैयार है।सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया कि इस विषय पर पहले सरकार से संपर्क करना उचित होगा।

न्यायालय ने भी याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता दी कि यदि सरकार इस मुद्दे पर विचार नहीं करती,तो पुनः अदालत का दरवाज़ा खटखटाया जा सकता है।यह दृष्टिकोण संविधान के शक्ति संतुलन सिद्धांत को दर्शाता है,जहाँ विधायी सुधार पहले संसद से अपेक्षित है और न्यायपालिका अंतिम संरक्षक कीभूमिका में है।चुनाव आयोग का पक्षः दुर्लभ लेकिन महत्वपूर्ण चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में कहा कि लोकसभा में निर्विरोध चुनाव अत्यंत दुर्लभ हैं। एक वरिष्ठ अधिवक्ता के अनुसार1991 से अब तक केवल एक निर्विरोध लोकसभा चुनाव,1971 से 2025 तक कुल छह,1951 से अब तक हुए 20 आम चुनावों में केवल नौ निर्विरोध चुनाव,आँकड़े भले ही कम हों,परंतु लोकतंत्र में सिद्धांतों का मूल्य आँकड़ों से अधिक होता है। एक भी ऐसा मामला जहाँ मतदाता की इच्छा दबे, वह पूरे लोकतांत्रिक ढाँचे पर ही एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।साथियों बात अगर हम नोटा को उम्मीदवार मानने की बहस को सटीकता से समझने की करें तो चुनाव आयोग का यह भी कहना है कि नोटा को निर्विरोध चुनावों में उम्मीदवार मानना वर्तमान कानून के अंतर्गत संभव नहीं है।इसके लिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और चुनाव संचालन नियम, 1961 में विधायी संशोधन आवश्यक होंगे। यह स्वीकारोक्ति स्वयं यह दर्शाती है कि समस्या वैधानिक है, संवैधानिक नहीं,और इसका समाधान संसद के पास है। न्यायालय की नैतिक टिप्पणी भी है क़ि नोटा आक्रोश का प्रतीक, पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि नोटा तभी प्रभावी होता है जब मतदाताओं में किसी उम्मीदवार के प्रति गंभीर आक्रोश हो।

# एसपी ने केशकाल सड़क नवीनीकरण कार्य का किया निरीक्षण, सहयोग की अपील की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव,4 जनवरी ।** जिले के एसपी पंकज चंद्रा ने शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 केशकाल नगर सीमा में जारी सड़क नवीनीकरण कार्य के लिए अवैध अतिक्रमण को हटवाने और रुट डायवर्जन के सम्बंध मे चर्चा हेतु एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल हुए । बैठक के पश्चात एसपी ने सड़क नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण भी किया । इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल, अपर कलेक्टर चित्रकान्त चाली ठाकुर, केशकाल एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, एसडीओपी केशकाल अरुण नेताम, थाना प्रभारी विकास बघेल, तहसीलदार गणेश सिदार समेत राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, यातायात विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने डिपो चौक से थाना परिसर तक पैदल चलकर निर्माण कार्य, अतिक्रमण एवं ट्रैफिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। जहां नाली तक अतिक्रमण कर चुके दुकानदारों को जल्द से जल्द अतिक्रमण हटवाने के सख्त निर्देश दिए गए । इस दौरान सड़क किनारे बेतरतीब खड़ी 25 वाहनों के खिलाफ एसपी के निर्देशानुसार केशकाल पुलिस द्वारा लगभग



7,500 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई।

कोंडागांव एसपी पंकज चंद्रा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं नगरवासियों से आग्रह किया है कि सड़क नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने तक आप सभी पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें । वाहनों को सड़क किनारे बेतरतीब पार्क न करते हुए नगर पंचायत द्वारा चिन्हित स्थानों में पार्किंग की जाए ।

यात्री बस संचालक शहर में ओवरस्पीड व ओवरटेक न करें। साथ ही जल्द से जल्द अतिक्रमण को स्वयं हटवा लेवें । यदि नगरवासी प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।एसपी पंकज चंद्रा ने बताया कि केशकाल शहर की प्रमुख समस्या मुख्य मार्ग के पुनर्निर्माण को लेकर जिला प्रशासन अत्यंत गंभीर है। और वर्तमान में निर्माण कार्य भी काफ़ी तेजी से चल रहा है। इस दौरान आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों जैसे मार्ग डायवर्शन, अतिक्रमण, लोगों की आवाजाही को व्यवस्थित करना, वैकल्पिक मार्ग आदि विषयों पर बैठक कर कार्य निर्धारण किया गया है। जिसके तहत आने वाले दिनों में मार्ग चौड़ीकरण में आने वाले समस्त अतिक्रमण को हटाए जाने हेतु विशेष समयबद्ध अभियान चलाया जाएगा एवं मार्ग निर्माण कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

# बस्तर में हुए 100 मुठभेड़ में 256 नक्सली ढेर 1573 ने छोड़ी हिंसा, 898 गिरफ्तार:सुंदरराज पी.

**जगदलपुर, 4 जनवरी ।** बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने आज शनिवार को पत्रवार्ता में वर्ष भर की कार्रवाई के आंकड़े जारी किए. आईजी ने मुठभेड़ के साथ मारे गए, गिरफ्तार किए गए और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों का आंकड़ा बताया। इसके साथ उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने साल भर में 677 हथियार बरामद किए। सुरक्षा बलों ने 894 आईईडी भी खोजकर निष्क्रिय किए, जिससे बड़ी घटनाएं टलीं.बस्तर में सुरक्षाबलों के लिए वर्ष 2025 कामयाबी भरा रहा, 2025 में कुल 100 मुठभेड़ हुईं, जिनमें 256 नक्सली मारे गए। इस दौरान 898 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 1573 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर पुनर्वास नीति को अपनाया। उन्होने बताया कि संघर्ष में बलिदान भी देना पड़ा, वर्ष 2025 में बस्तर क्षेत्र में 23 जवान शहीद हुए. नक्सली हिंसा में 46 आम नागरिकों की भी जान गई। आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि फोर्स का फोकस ऑपरेशन के साथ-साथ पुनर्वास पर भी रहा उन्होंने भरोसा जताया कि 2026 में बस्तर को और सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्रवाई तेज रहेगी।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि शनिवार को लिए पत्रवार्ता में 5 वर्षों में अपनी शहादत देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वर्ष 2026 में एक बड़ा फैसला लिया है, जिसमें किसी भी तरह से होने




वाले मुठभेड़ में हमारे जवानों को किसी भी तरह से कोई भी नुकसान नही होने देंगे, इसके लिए पूरी तरह से रणनीति तैयार कर लिया गया है। साथ ही शेष बचे नक्सली कैडरों को उसे भी जल्द खत्म करते हुए बस्तर को नक्सल मुक्त कर दिया जाएगा।

उन्होने वर्ष भर के जारी आंकड़े में बताया गया है दुपहिया वाहन हो या फिर बड़ी वाहनों के द्वारा यातायात नियमो का पालन नही करते हुए अपनी वाहनों को फर्राटे से दौड़ाते है, जिसकी वजह से ऐसी बड़ी घटनाये देखने को मिलती है, इसके अलावा कई ऐसे लोग है, जो रात को वाहन चलाने के दौरान अचानक आये झपकी की वजह से कई बार बड़ी दुर्घटनाएं घटित होती है, वही कई बार तो अन्य वजहों से एक साथ कई लोगो को अपनी जान गवानी पड़ती है, देखा जाए तो वर्ष 2021 में हुए हादसों में 730 लोगो की मौत हुई, जबकि वर्ष 2022 में 740, 2023 में 837, 2024 में 830 व वर्ष 2025 में 782 लोगो ने अपनी जान गवाई है।

## एक नजर

### बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

**कांकेर,4 जनवरी ।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 81 कांकेर के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी कांकेर श्री अरूण वर्मा कीअध्यक्षता में गत दिवस जिला पंचायत सभा कक्ष में बीएलओ एवं सुपरवाइज़रों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) के अंतर्गत प्राप्त नो मैपिंग डाटा, लॉजिकल एरर्स तथा विभिन्न प्रकार के प्राप्त फॉर्मों की विस्तृत समीक्षा की गई, साथ ही आगामी कार्य योजना पर भी चर्चा की गई, ताकि पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण किया जा सके।बैठक में जानकारी दी गई कि नाम जोड़ने हेतु लगभग 1920 आवेदन फॉर्म प्राप्त हुए हैं, जिसके लिए पर्याप्त संख्या में निर्धारित प्रारूप का वितरण बीएलओ को कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में परिवर्धन, विलोपन, स्थानांतरण एवं संशोधन से संबंधित दावा-आपत्ति फॉर्म भरने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रत्येक मतदान केंद्र पर निर्धारित प्रारूप में प्राप्त दावा-आपत्ति की जानकारी चस्पा करने के भी स्पष्ट निर्देश दिए गए, ताकि मतदाताओं को सही एवं पारदर्शी जानकारी उपलब्ध हो सके। प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक में सभी संबंधित अधिकारी, बीएलओ एवं सुपरवाइज़र्स उपस्थित थे।

### टोकन तुंहर हाथ' एप से किसानों को धान बेचना हुआ आसान



**कांकेर, 3 जनवरी।** प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों के द्वारा धान बेचने की प्रक्रिया को और अधिक सरलीकृत करते हुए ऑनलाइन माध्यम से टोकन प्राप्त करने की सुविधा मुहैया कराई गई है, जिससे किसानों को पारदर्शिता के साथ आसान से टोकन मिल रहा है। ग्राम देवकोंगेरा के प्रगतिशील किसान श्री मुकेश मंडावी ने बताया कि उन्होंने राज्य शासन द्वारा शुरू किए गए 'टोकन तुंहर हाथ' मोबाइल एप के माध्यम से अपना टोकन काटा। श्री मंडावी के अनुसार टोकन काटने की प्रक्रिया पूरी तरह सरल, सुगम और पारदर्शितापूर्ण रही।किसान श्री मंडावी ने बताया कि उनकी लगभग 02 एकड़ कृषि भूमि में उपजाए गए धान को उन्होंने धान खरीदी केंद्र कांकेर में सफलतापूर्वक बेचा। मोबाइल एप के माध्यम से टोकन मिलने के कारण उन्हें न तो लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा और न ही किसी प्रकार की असुविधा का सामना करना पड़ा। युवा किसान श्री मंडावी का कहना है कि इस डिजिटल व्यवस्था से समय की बचत, पारदर्शिता और किसानों को सम्मानजनक अनुभव मिल रहा है। शासन की यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा- 'टोकन तुंहर हाथ' मोबाइल एप ले किसान मन के काम आसान हो गेहे। अब न तो लाइन लगे के झंझट हे न ही अपन पारी के इंतिजार करे बर पड़य।'

### त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन 7 जनवरी तक कराया जा सकेगा

**कांकेर, 3 जनवरी ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सचिव द्वारा पत्र जारी कर एग्रीस्टैक फार्मर आईडी जनरेटेड किसानों का धान विक्रय हेतु त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन एवं पीव्ही सत्यापन, त्रुटिपूर्ण फसल प्रविष्टि सुधार का विकल्प आगामी 07 जनवरी तक खुला रहने की जानकारी दी गई है। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सचिव कृषि विभाग के आदेशानुसार जिले के सभी किसान जो एग्रीस्टैक फार्मर आईडी में पंजीकृत हैं, उनके त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन, पीव्ही सत्यापन, त्रुटिपूर्ण फसल प्रविष्टि का विकल्प आगामी 07 जनवरी तक सोसायटी एवं लैम्पस मॉड्यूल खुला रहेगा। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा में सुधार की कार्यवाही पूर्ण करा लें, ताकि अपने पंजीकृत रकबा का त्रुटि सुधार कराकर अपने धान का विक्रय कर सकें।

# भारत स्टील-2026 के लिए इस्पात मंत्रालय को मीडिया भागीदारों की जरूरत

**नई दिल्ली,4 जनवरी।** इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिल्ली के भारत मंडपम में 16-17 अप्रैल, 2026 को भारत स्टील नामक एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सह प्रदर्शनी होने जा रही है। तीन दिवसीय आयोजन भारत के इस्पात नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रमुख हस्तियों, प्रौद्योगिक उपलब्धकर्ताओं, निवेशकों और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों को एक वैश्विक मंच प्रदान करेगा, ताकि इस्पात उद्योग के भविष्य पर विचार विमर्श हो सके। सम्मेलन का उद्देश्य भारत की इस्पात दृष्टि, नीतियों की दिशा और निवेश क्षमता को प्रदर्शित करना है, साथ ही भारत सरकार और ग्लोबल स्टील इकोसिस्टम के बीच सार्थक संवाद को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में केन्द्र सरकार के वरिष्ठ नेतृत्व, अहम मंत्रालयों,राज्य सरकारों, भारत और वैश्विक जगत के प्रमुख खनन कंपनियों के सीईओ,प्रौद्योगिकी से जुड़ी कंपनियों, वित्तीय संस्थानों, व्यापार संगठनों से जुड़े अंतराराष्ट्रीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडलों की भागीदारी अपेक्षित है। भारत स्टील के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत विमर्श, उद्योग से जुड़ी घोषणाएं, व्यापारिक सहयोग और नॉलेज शेयरिंग सेशन आयोजित होंगे, जिसका फोकस होगा स्थिरता, नवाचार और इस्पात उद्योग की दीर्घकालिक प्रगति। आयोजन के व्यापक स्तर, महत्व और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी को देखते हुए, भारत स्टील से राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर व्यापक रुचि उत्पन्न होने की उम्मीद है। इसी परिप्रेक्ष्य में इस्पात मंत्रालय अग्रणी मीडिया संस्थानों को मीडिया पार्टनर बनाने को इच्छुक है। ताकि पूरे कार्यक्रम की एक समग्र, प्रभावी कवरेज विविध मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सुनिश्चित हो सके। इस्पात मंत्रालय, भारत स्टील- 2026 के लिए अलग-अलग कैटेगरी में मीडिया पार्टनर्स को आमंत्रित करता है, जिसमें डिजिटल मीडिया पार्टनर, प्रिंट मीडिया पार्टनर (अखबार और पत्रिका) और इलेक्ट्रॉनिक और टीवी मीडिया पार्टनर शामिल है। मीडिया सहयोगी के जिम्मे कंफ्रेस से निकले अहम संदेशों, नीतिगत पहलों और औद्योगिक प्रोसपेक्टिव को दूर-दूर तक पहुंचाने की अहम जिम्मेवारी होगी। सहयोग के प्रस्तावित दायरे में वेब और डिजिटल प्रचार शामिल है, जिसमें विशेष बैनर, सोशल मीडिया पोस्ट, प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों का प्रकाशन तथा संपादकीय कवरेज औरइलेक्ट्रॉनिक एवं टेलीविज़न प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रोमोशनल कंटेट, साक्षात्कार, पैनल चर्चा तथा कार्यक्रम की प्रमुख झलकियों का प्रसारण शामिल होगा। कार्यक्रम से पूर्व, कार्यक्रम के दौरान तथा कार्यक्रम के पश्चात–इन सभी चरणों में कवरेज की परिकल्पना की गई है, ताकि निरंतर दृश्यता और सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। भारत स्टील के साथ साझेदारी करने वाले मीडिया संगठनों को व्यापक दृश्यता, सरकार और उद्योग जगत के नेताओं तक पहुंच, विशेष सामग्री, साक्षात्कार, प्रेस ब्रीफिंग तथा सम्मेलन के दौरान ऑन-ग्राउंड कवरेज के अवसर प्राप्त होंगे। यह साझेदारी मीडिया संस्थानों को इस्पात क्षेत्र में सरकार के नेतृत्व वाले सबसे महत्वपूर्ण मंचों में से एक के साथ निकटता से जुड़ने में भी सक्षम बनाएगी।




### कलेक्टर ने आत्मसमर्पित नक्सलियों को स्वयं अक्षर ज्ञान कराया

**नारायणपुर , 4 जनवरी ।** जिले के कलेक्टर नम्रता जैन द्वारा पुनर्वास केन्द्र में आत्मसमर्पित नक्सलियों को स्वयं अक्षर ज्ञान का पाठ पढ़ाया। यह क्षण केवल एक शैक्षणिक गतिविधि नहीं था, बल्कि संवेदनशील नेतृत्व और मानवीय दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण था। कलेक्टर जैन ने अपने जीवन के संघर्ष, निरंतर प्रयास, लक्ष्य निर्धारण और उपलब्धियों के अनुभव साझा करते हुए युवाओं को यह संदेश दिया कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो अतीत की गलतियों को भविष्य की उपलब्धियों में बदल सकती है।

# बाढ़ से बचाव के लिए खमढोड़गी जलाशय में किया गया माक ड्रिल

**कांकेर,4 जनवरी ।** बारिश के दिनों में बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के उपायों की जानकारी देने के लिए एन.डी.आर.एफ.कटक की 27 सदस्यीय टीम द्वारा आज जिले के कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की उपस्थिति में खमढोड़गी जलाशय में माकड्रिल किया गया। टीम लीडर हीरा सिंह के नेतृत्व में एन.डी.आर.एफ.और होमगार्ड के जवानों द्वारा बाढ़ के कारण टापू में फंसे लोगों को बचाने, बचाव टीम का बोट पलटने से डूबते हुए व्यक्ति को बचाने, डूबते हुए व्यक्ति को बचाने और उसका त्वरित उपचार का जीवंत अभ्यास के साथ ही स्थानीय संसाधनों जैसे रस्सी,सूखा नारियल, पानी का जेरिकेन, पानी का बोतल, बांस इत्यादि के माध्यम से भी डूबते हुए व्यक्तियों को बचाने का माकड्रिल किया गया।

कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने एन डी आर एफ की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने अपने सभी उपकरणों का प्रदर्शन करते हुए बाढ़ से बचाव के लिए विभिन्न तरीकों को माकड्रिल किया है, इससे लोगों को बाढ़ से बचाव की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि गरियाबंद जिले में पदस्थापना के दौरान बारिश के दिनों में सीकासार जलाशय के निचले क्षेत्र में बाढ़ में फंसे लोगों को एन.डी.आर.एफ. की टीम द्वारा बचाया गया था, इसके लिए उन्होंने धन्यवाद दिया। कलेक्टर ने बताया कि कांकेर जिले में महनदी के किनारे बसे कुछ गांवों को बारिश के दिनों में बाढ़ से बचाव के लिए नियमित रूप से मानीटरिंग किया जाता है। ग्राम पंचायत कोकपुर के सरपंच श्रीमती निशा दुग्गा ने ग्राम खमढोड़गी के जलाशय में माकड्रिल करने के लिए एन.डी.आर.एफ की टीम को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर एसडीएम कांकेर अरूण कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू, कमांडेन्ट एन डी आर एफ नवीन कुमार,संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी आपदा प्रबंधन श्रीमती सरस्वती बंजारे, है डिप्टी कलेक्टर सुश्री रानू मैथ्यू सहित राजस्व,पुलिस, पशुपालन विभाग, खाद्य विभाग, जलसंसाधन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ग्राम पंचायत के उप सरपंच चुनेश्वर जैन, पूर्व सरपंच प्यार सिंह मंडावी ,ग्राम सभा खमढोड़गी के अध्यक्ष अनिता मंडावी सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद थे। माकड्रिल के लिए खमढोड़गी जलाशय पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन के अधिकारियों और एन डी आर एफ टीम के सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

# राष्ट्रपति व केंद्रीय गृहमंत्री बस्तर पंडुम में होंगे शामिल, राजदूत भी आएंगे बस्तर

**जगदलपर, 4 जनवरी ।** बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, कला, लोकपरंपराओं और विरासत के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन इस साल भी किया जा रहा है। कार्यक्रम 10 जनवरी से 5 फरवरी तक प्रस्तावित है। बस्तर पंडुम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। मिली जानकारी के अनुसार बस्तर पंडुम के संभाग स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रपति और गृहमंत्री शिरकत करेंगे। इस बार के बस्तर पंडुम में विशेष रूप से भारत के अलग-अलग देशों में कार्यरत भारतीय राजदूतों को भी आमंत्रित किए जाने पर भी चर्चा हुई, ताकि उन्हें बस्तर की अद्वितीय सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और जनजातीय जीवन से अवगत कराया जा सके। इस बार बस्तर पंडुम की प्रतिस्पर्धा में विधाओं की संख्या सात से बढ़ाकर 12 की गई है।वहीं एक दिन पहले 2 जनवरी को



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम का लोगो और थीम गीत विमोचन किया है। बस्तर पंडुम 2026 का आयोजन 10 जनवरी 2026 से 5 फरवरी 2026 तक तीन चरणों में प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत बस्तर संभाग में 10 से 20 जनवरी तक जनपद स्तरीय कार्यक्रम, 24 से 29 जनवरी तक जिला स्तरीय कार्यक्रम और 2 से 6 फरवरी तक संभाग स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस साल बस्तर पंडुम में विधाओं की संख्या 7 से बढ़ाकर 12 की जा रही है। जिन विधाओं में प्रदर्शन एवं प्रतियोगिताएं होंगी, उनमें बस्तर जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, वेशभूषा एवं आभूषण, पूजा-पद्धति, शिल्प, चित्रकला, जनजातीय पेय पदार्थ, पारंपरिक व्यंजन, आंचलिक साहित्य और वन-औषधि प्रमुख हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि पिछले साल हमने बस्तर पंडुम की शुरुआत की थी, तब समापन अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी हम सबके बीच आए थे। इस बार हम राष्ट्रपति, गृहमंत्री और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री समेत भारत में नियुक्त विभिन्न देशों के राजदूतों को आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होने कहा क कि बस्तर पंडुम, बस्तर की असली आत्मा और सांस्कृतिक विरासत का सशक्त मंच है। मां दंतेश्वरी के इस पावन प्रांगण से बस्तर पंडुम-2026 का शुभारंभ हो रहा है। यहां बस्तर पंडुम-2026 का लोगो और थीम गीत का विमोचन किया है। बस्तर पंडुम सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा है। इस बार बस्तर पंडुम प्रतियोगिता का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। हमारी सरकार का संकल्प है कि बस्तर की संस्कृति को सहेजते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचाएं। बस्तर अब केवल संस्कृति का केंद्र नहीं, शांति, समृद्धि और पर्यटन के माध्यम से विकास का भी प्रतीक बनेगा।

# आत्मसमर्पितों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने विशेष मतदाता पंजीयन अभियान चलाया गया

**नारायणपुर, 4 जनवरी ।** जिले के आत्मसमर्पित नक्सल प्रभावित हितग्राहियों के सर्वांगीण पुनर्वास एवं सामाजिक मुख्यधारा में पुनः एकीकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी पहल की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर नम्रता जैन, के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में जिला परियोजना लाइवलीहूड कॉलेज नारायणपुर अंतर्गत संचालित पुनर्वास केन्द्र में निवासरत आत्मसमर्पित हितग्राहियों के मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु विशेष मतदाता पंजीयन अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत पुनर्वास केन्द्र में उपस्थित आत्मसमर्पित हितग्राहियों के मतदाता सूचि में नाम दर्ज कराने हेतु आवश्यक आवेदन फॉर्म पटवारी के माध्यम से पूर्ण कराए गए, जिससे वे अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर सकें। यह पहल आत्मसमर्पित हितग्राहियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था से जोड़ने,



नागरिक पहचान सुनिश्चित करने तथा समाज में उनकी गरिमामय भागीदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर डॉ. सुमित गर्ग, डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीएम ओरछा, सह नोडल अधिकारी पुनर्वास केन्द्र, द्वारा हितग्राहियों को वोटर आईडी कार्ड की आवश्यकता एवं उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि वोटर आईडी कार्ड न केवल मतदान के अधिकार का आधार है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण शासकीय पहचान पत्र के रूप में विभिन्न शासकीय योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक लाभों को प्राप्त करने में भी अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वोटर आईडी कार्ड निर्माण हेतु किन-किन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है, आवेदन प्रक्रिया किस प्रकार पूर्ण की जाती है तथा नाम दर्ज होने के उपरांत कार्ड प्राप्त होने तक की संपूर्ण प्रक्रिया क्या है। साथ ही हितग्राहियों को यह भी अवगत कराया गया कि किसी प्रकार की त्रुटि या संशोधन की आवश्यकता होने पर उसे समय रहते किस प्रकार सुधारा जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान पुनर्वास केन्द्र की टीम द्वारा समुचित सहयोग प्रदान किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि सभी पात्र हितग्राहियों के आवेदन सही एवं पूर्ण रूप से भरे जाएं। इस पहल से आत्मसमर्पित हितग्राहियों में नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता, लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ तथा आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ने का आत्मविश्वास विकसित हो रहा है। जिला प्रशासन की यह पहल स्पष्ट रूप से यह दर्शाती है कि शासन की पुनर्वास नीति केवल आर्थिक एवं प्रशिक्षण तक सीमित न होकर, आत्मसमर्पित हितग्राहियों को पूर्ण नागरिक अधिकारों सहित समाज की मुख्यधारा में स्थायी रूप से स्थापित करने की दिशा में प्रतिबद्ध है।

# बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन ने असरानी का स्वागत किया



**बचेली, 4 जनवरी।** 3 जनवरी को बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के द्वारा असरानी के स्वागत कार्यक्रम में लौहनगरी बचेली की हदय स्थल कही जाने वाली हनुमान मंदिर चौक पर असरानी को फटाके की गड़गड़ाहट के साथ पुष्प हार पहनाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं फूलों की वर्षा कर गर्मजोसी के साथ सम्मानित किया एवं मिठाईयां बाटी कार्यक्रम के दौरान ट्रक यूनियन के सदश्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे पदाधिकारी केशियर मनीष नायक,सह सचिव विस्वजीत सरकार पिंकु, सहसचिव बैभव साहा उमेश सिंह,सुरज जायसवाल, संजय दास ,विवेक सरकार ,सौरभ अग्रवाल, अभिषेक समद्दार,अनील यादव, गौरव सिंह, विशाल सोनवानी, अग्रवाल, शिवा, विजय दास सहित संस्था के वरिष्ठ एवं गणमानिय सदश्य उपस्थित रहे।

# शाला प्रबंधन समिति की बैठक में बच्चों की नियमित उपस्थिति पर दिया जोर

**बीजापुर, 4 जनवरी ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के सफल नेतृत्व व सीईओ नम्रता चौबे एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखन लाल धनेलिया के मार्गदर्शन में विकासखंड भोपालपटनम के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिमेड़ स्थित प्राथमिक शाला तिमेड़ में शाला प्रबंधन समिति (स्ष्टष्ट) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक शिक्षकगण एवं बीजादूतीर कार्यक्रम की सहभागिता से संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति अभिभावकों और समुदाय को जागरूक करना रहा।



बैठक की अध्यक्षता स्ष्टष्ट अध्यक्ष श्री सुरेश पोर्टेटी ने की सचिव श्रीमती शारदा तामडी उपस्थित रहीं। बैठक में स्थानीय शिक्षक श्रीमती शारदा देवी तामड़ी प्रधानपाठक, श्रीमती सुमन वाडेकर, कुमारी संगीता नाग, श्री समैया अभिभावक एवं बीजादूतीर ब्लॉक समन्वयक सुश्री श्यामलता वासम एवं बीजादूतीर स्वयंसेवक अनुशा कुकड़ा, संतोषी पोर्टेटी, पी रीना, चांदनी चिड़ेम, हेमलता कोमरम, पूजा मंडावी स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।बैठक के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अभिभावकों को बच्चों के लिए घर में सुरक्षित एवं व्यवस्थित ÷पढ़ाई का कोना÷ तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया जिस पर पालकों ने सहमति व्यक्त की।इसके साथ ही बच्चों एवं किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक- भावनात्मक शिक्षा (स्श्वरु) पर विस्तार से चर्चा की गई। बाल अधिकारों, बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव को रोकने तथा बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी साझा की गई। बैठक में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के उपयोग और महत्व की जानकारी भी दी गई।मानसिक स्वास्थ्य को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाने के लिए ÷साफ-सीडी÷ गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें पालकों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। इस गतिविधि के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बच्चों का मन सकारात्मक और तनावमुक्त रखने से उनका व्यवहार और सीखने की क्षमता बेहतर होती है।

# सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान का प्रदेशव्यापी शुभारंभ

**बीजापुर 4 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में कुपोषण की दर में उल्लेखनीय कमी लाने तथा एनीमिया से ग्रसित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समुचित पोषण उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य स्तर में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ÷सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान÷ का शुभारंभ दिनांक 01 जनवरी 2026 से किया गया है। यह अभियान बलरामपुर, सरगुजा, सूरजपुर, सुकमा, जशपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर में एक साथ प्रारंभ किया गया जिससे व्यापक स्तर पर जनहितकारी प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके। अभियान की प्रमुख उद्देश्य एवं अपेक्षित उपलब्धियां- अभियान के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा निम्नलिखित प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं- निर्धारित 6 माह की अवधि में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में रक्ताल्पता (एनीमिया) की स्थिति में प्रभावी कमी लाना। स्रूरू स्रूरूश्रेणी के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाते हुए उन्हें कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाना।बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण सुदृढ़ीकरण की दिशा में ठोस और परिणामोन्मुख कार्यवाही सुनिश्चित करना।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**मोहला, 4 जनवरी।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति द्वारा जिले में मछली पालन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न ग्रामों में चल रहे तालाब निर्माण, बायोफ्लॉक पॉण्ड एवं हेचरी निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।कलेक्टर ने सर्वप्रथम ग्राम वासड़ी (घोटिया), विकासखंड मानपुर में हितग्राही श्री रोहित सलामे के बायोफ्लॉक पॉण्ड का अवलोकन किया। हितग्राही को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत निजी भूमि पर मछली पालन हेतु पॉण्ड लाइनर निर्माण के लिए 16.80 लाख रुपये की अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में 0.20 हेक्टेयर क्षेत्र में मछली पालन किया जा रहा है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 3.00 लाख रुपये की आमदनी प्राप्त हो रही है।इसके पश्चात् कलेक्टर ने मछली पालन विभाग द्वारा 4.00 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर निर्मित की जा रही जिले की प्रथम मछली बीज उत्पादन हेचरी का निरीक्षण किया। इस हेचरी से प्रतिवर्ष लगभग 1.00 करोड़ स्टैंडर्ड फ्राई का उत्पादन किया जाएगा। हेचरी निर्माण हेतु शासन द्वारा 25.00 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में 13 तालाबों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा हेचरी इकाई का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने अधिकारियों को निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। हेचरी के पूर्ण होने से जिले के मछली पालकों को शासकीय दर पर गुणवत्तापूर्ण मछली बीज उपलब्ध होगा तथा जिला मछली बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा।

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का प्रथम संस्करण छत्तीसगढ़ में, जिले में 5 जनवरी को चयन ट्रायल

**मोहला, 4 जनवरी।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का प्रथम संस्करण छत्तीसगढ़ राज्य में 14 फरवरी 2026 से आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कुश्ती, तैराकी, फुटबॉल एवं हॉकी सहित कुल सात खेलों को शामिल किया गया है। उक्त आयोजन में राज्य दल की सहभागिता हेतु खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 6 से 8 जनवरी 2026 तक बिलासपुर एवं रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इसके पूर्व जिले की टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल दिनांक 5 जनवरी 2026, समय प्रातः 11:00 बजे, मिनी स्टेडियम मैदान, मोहला में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की जा रही है। जिले के इच्छुक पात्र खिलाड़ी निर्धारित तिथि एवं समय पर चयन ट्रायल स्थल पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराकर ट्रायल में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी खिलाड़ी के पास छत्तीसगढ़ राज्य का स्थायी निवास प्रमाण पत्र एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। आयु-सीमा सभी पात्र महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के लिए खुली रखी गई है। अधिक जानकारी के लिए नोडल अधिकारी श्री विनोद कुमार हथेल, मोबाइल नंबर 9424134160 पर संपर्क किया जा सकता है।

### मोहला वनमण्डल में संयुक्त वन प्रबंधन समितियां बनीं हरित विकास की मजबूत कड़ी

**मोहला, 4 जनवरी।** मोहला वनमण्डल में संयुक्त वन प्रबंधन समितियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास एवं वनों की सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वन संरक्षण, वन्य प्राणियों की सुरक्षा, वृक्षारोपण तथा बिगड़े वनों के सुधार जैसे कार्यों में स्थानीय समुदायों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है। मोहला वनमण्डल अंतर्गत वर्तमान में कुल 147 संयुक्त वन प्रबंधन समितियाँ सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इनमें अंबागढ़ चौकी परिक्षेत्र में 83, दक्षिण मानपुर में 27 तथा उत्तर मानपुर परिक्षेत्र में 37 समितियाँ शामिल हैं। ये समितियाँ स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सतत प्रयास कर रही हैं। नव वर्ष के अवसर पर दिनांक 03 जनवरी 2025 को इन समितियों द्वारा वनों एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा, वन अधिकार पत्रों के नामांतरण एवं बंटवारे, तेंदूपत्ता, कोदो, कुटकी एवं रागी जैसे लघु वनोपज के सतत एवं वैज्ञानिक संग्रहण को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

**महिला पुलिस के साथ हुई घटना की एक-एक पहलुओं की गहन विवेचना में जुटी रायगढ़ पुलिस**

# तमनार क्षेत्र में महिला आरक्षक पर जानलेवा हमला एवं बदसलूकी मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 जनवरी।** रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएचपी चौक, लिबरा में धरना-प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने सख्त रुख अपनाया लिया है। महिला पुलिसकर्मी के साथ मारपीट, बदसलूकी, अमानवीय, निंदनीय व्यवहार, कपड़ा फाड़ने और अभद्र व्यवहार एवं लूट की गंभीर घटना में शामिल पांच आरोपियों को रायगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार गहन पतासाजी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में मंगल राठिया, निवासी ग्राम आमगांव, चिनेश खमारी, निवासी-ग्राम आमगांव, प्रेमसिंह राठिया, निवासी ग्राम आमगांव, कीर्ति श्रीवास, निवासी ग्राम आमगांव तथा वनमाली राठिया, निवासी ग्राम झरना शामिल हैं।

रायगढ़ पुलिस के अनुसार आरोपियों द्वारा एक महिला आरक्षक पर जानलेवा हमला करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट, आपत्तिजनक कृत्य,अमानवीय और निंदनीय व्यवहार, कपड़ा फाड़ने और अभद्र व्यवहार और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। उक्त गंभीर घटनाक्रम के संबंध में थाना तमनार में अपराध क्रमांक 309/25 पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 109, 74, 76, 296, 351(2), 115 (2), 221, 132, 309(4), 309(6), 3(5) भा.न्या.सं. तथा आईटी एक्ट की धारा 67(ए) के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। रायगढ़ पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गारे-पेलमा सेक्टर-1 कोयला खदान प्रारंभ किए जाने के संबंध में 08 दिसंबर 2025 को धौराभांठा बाजार मैदान में जनसुनवाई आयोजित की गई थी। इस जनसुनवाई के विरोध में खदान क्षेत्र से प्रभावित 14 ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा 12 दिसंबर 2025 से सीएचपी चौक, लिब्रा में आर्थिक नाकेबंदी के उद्देश्य से धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था, जिससे आवागमन बाधित हो गया था। स्थिति को सामान्य करने के लिए 27 दिसंबर 2025 को जब पुलिस-प्रशासन द्वारा मार्ग खुलवाने की कार्रवाई की जा रही थी, उसी दौरान भीड़ उग्र हो गई और पुलिस बल पर हमला कर दिया। इस हमले में कई पुलिस जवान घायल हुए। घटना के दौरान प्रदर्शन में शामिल कुछ लोगों द्वारा महिला पुलिसकर्मी के साथ मारपीट, गाली-गलौज एवं भद्दी टिप्पणियां की गईं। इस घटना को लेकर समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। महिला पुलिस पर आरोपियों द्वारा की गई अमर्यादित एवं आपत्तिजनक घटना से जुड़ी एक-एक पहलुओं की रायगढ़ पुलिस द्वारा गहन जांच की जा रही है। घटना में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास योजना से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को मिला पक्का घर




**जशपुरनगर, 4 जनवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ने देशभर में आवासहीन परिवारों के लिए नई उम्मीदें जगाई हैं। मनोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बुमतेल निवासी श्री प्रदीप राम उरांव पिता श्री राम जन योजना से लाभान्वित होकर अपने पक्के मकान के सपने को साकार कर रहे हैं। खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले श्री प्रदीप का जीवन कच्चे घर में अनेक कठिनाइयों से गुजरता था। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता था, हर वर्ष घर की मरम्मत करनी पड़ती थी और बच्चों की पढ़ाई में भी बाधाएँ आती थीं।प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत उन्हें 1.20 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह आवास उनके परिवार के लिए एक स्थायी और सुरक्षित आश्रय साबित होगा। सिर्फ आवास ही नहीं, बल्कि शासन की अन्य योजनाओं का भी लाभ श्री प्रदीप को मिल रहा है। उन्हें राशन कार्ड के माध्यम से सस्ती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध हो रहा है और आयुष्मान भारत कार्ड के जरिए परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त है। इन योजनाओं ने उनके जीवन को और अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया है। प्रदीप राम ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ÷प्रधानमंत्री आवास योजना हमारे जैसे गरीब परिवारों के लिए वरदान है। इस योजना ने हमें सुरक्षित छत, स्वास्थ्य सुरक्षा और खाद्यान्न की सुविधा देकर वह सम्मान दिया है जिसकी कल्पना हमने वर्षों से की थी।÷ प्रधानमंत्री आवास योजना केवल पक्का घर बनाने की योजना नहीं है, बल्कि यह जरुरतमंद परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और स्थायी जीवन का आधार बन चुकी है।

### मयाली में एटीवी राइडिंग, स्पीड बोटिंग, कायकिंग व क्रिकेट के साथ इको-टूरिज्म का अनूठा उत्सव

**जशपुरनगर, 4 जनवरी।** मयाली में एटीवी राइडिंग, स्पीड बोटिंग, कायकिंग व क्रिकेट के साथ इको-टूरिज़्म का अनूठा उत्सवनया साल 2026 के पावन अवसर पर जशपुर वनमण्डल द्वारा मयाली नेचर कैम्प में पर्यटकों के लिए रोमांचक एडवेंचर एवं इको-टूरिज़्म गतिविधियों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन वन विभाग द्वारा वन प्रबंधन समितियों के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पर्यटकों को सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल तथा प्रकृति के बीच यादगार अनुभव प्रदान करना है। घने वनों, शांत जलाशय और हरियाली से आच्छादित मयाली नेचर कैम्प में इस नववर्ष पर साहसिक गतिविधियों की विशेष श्रृंखला तैयार की गई है। यहाँ आने वाले पर्यटक स्पीड बोटिंग, कायकिंग, एटीवी राइडिंग तथा क्रिकेट जैसी रोमांचक गतिविधियों का आनंद उठा सकेंगे। इन सभी गतिविधियों के लिए नाममात्र शुल्क मात्र 100 रुपये प्रति गतिविधि निर्धारित किया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस आयोजन का हिस्सा बन सकें।मयाली में एटीवी राइडिंग, स्पीड बोटिंग, कायकिंग व क्रिकेट के साथ इको-टूरिज़्म का अनूठा उत्सव वनमण्डलाधिकारी जशपुर वनमण्डल श्री शशि कुमार ने बताया कि सभी गतिविधियाँ प्रशिक्षित कर्मियों की निगरानी में एवं पूर्ण सुरक्षा मानकों के साथ संचालित की जाएंगी। इससे पर्यटकों को न केवल रोमांच का अनुभव मिलेगा, बल्कि वे पूरी तरह सुरक्षित माहौल में प्रकृति के करीब समय भी बिता सकेंगे। मयाली नेचर कैम्प का यह आयोजन इको-टूरिज़्म को बढ़ावा देने, स्थानीय वन समितियों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा जिले के पर्यटन को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है।

## पीएम जनमन योजना से सम्मान और आत्मनिर्भरता की राह पर बसंतपुर



**रायगढ़, 4 जनवरी।** कभी बरसात के दिनों में बाहरी दुनिया से कट जाने वाली बसंतपुर बस्ती आज विकास के मानचित्र पर अपनी पहचान बना चुकी है। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत बनी पक्की सड़क ने गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी हैं। मुख्य मार्ग से बस्ती तक बनी 2 किलोमीटर लंबी सड़क ने 1326 की आबादी वाले गांव को सामाजिक और आर्थिक रूप से मुख्यधारा से जोड़ दिया है। लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम-बसंतपुर में वर्षों तक सड़क न होना विकास की सबसे बड़ी बाधा रहा। किसान खेतों में मेहनत करते थे, लेकिन उपज बाजार तक नहीं पहुंच पाती थी। बच्चे समय पर स्कूल नहीं जा पाते थे और मरीजों को अस्पताल ले जाना एक बड़ी चुनौती था। बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते थे, जब गांव लगभग कट जाता था।

### पीएम जनमन से बदली गांव की तस्वीर

पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 1.62 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस सड़क ने हालात पूरी तरह बदल दिए हैं। अब बाजार, अस्पताल, स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत और सहकारी सोसायटी तक पहुंच आसान हो गई है। एम्बुलेंस और अन्य वाहन सीधे गांव तक पहुंच पा रहे हैं। किसान अपनी फसल खेतों से सीधे बाजार तक पहुंचा रहे हैं, जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हो रही है। सड़क बनने से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए आवागमन सुरक्षित और सहज हुआ है। बच्चों की पढ़ाई नियमित हुई है और सरकारी योजनाओं का लाभ अब गांववासियों तक समय पर पहुंचने लगा है। बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता भी बेहतर हुई है।

### ग्रामीणों की जुबानी, बदलाव की कहानी

बस्ती की निवासी श्रीमती मंगलासो बिरहोर बताती हैं कि पहले बरसात में गांव से बाहर निकलना लगभग नामुमकिन था। अब सड़क बनने से किसान फसल बेच पा रहे हैं, बच्चे रोज स्कूल जा रहे हैं और महिलाओं को भी सुविधा मिली है। वहीं श्री सुखराम सिंह कहते हैं कि सड़क ने गांव की जिंदगी आसान बना दी है और अब विकास को नजदीक से महसूस किया जा रहा है। गौरतलब है कि पीएम जनमन योजना का उद्देश्य 100 से अधिक जनसंख्या वाली विशेष पिछड़ी जनजातीय बसाहटों को बारहमासी सड़क सुविधा से जोड़ना है।

## डुमरमुड़ा एवं कोतरलिया की रेडी-टू-ईट इकाइयों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**रायगढ़, 4 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए रेडी-टू-ईट निर्माण को पुनः महिला स्व-सहायता समूहों से जोड़ने के शासन के निर्णय पर रायगढ़ जिले में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने डुमरमुड़ा एवं कोतरलिया में स्थापित रेडी-टू-ईट निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इकाइयों के संचालन से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण मानकों के अनुरूप उत्पादन प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री एल.आर.कच्छप सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से चर्चा कर रेडी-टू-ईट इकाइयों के संचालन, आवश्यक संसाधनों, मशीनरी एवं प्रशिक्षण की स्थिति की जानकारी ली।

## लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने रायगढ़ में चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर कर रहे प्रयासःओ.पी.चौधरी

**रायगढ़, 4 जनवरी।** रायगढ़ को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक एवं नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर के रूप में विकसित करने के लिए ठोस योजना के साथ निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से बड़े प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारकर आम नागरिकों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार लाने का लक्ष्य रखा गया है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने आज शहर के विभिन्न वार्डों में 1 करोड़ 85 लाख 67 हजार रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

मौके पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने जिलेवासियों को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध त्यौहार छेरछेरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पहले रायगढ़ में केवल एक बड़ा गार्डन था, लेकिन अब अगले 5 वर्षों में 10 बड़े गार्डनों की श्रृंखला विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में शहर के



हृदय स्थल इतवारी बाजार में 10 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक ऑक्सीजोन का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। किसान राइस मिल के पास 13 करोड़ रुपये, राजीव नगर में दुग्ध डेयरी के पास 4 करोड़ रुपये की लागत से गार्डन निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं। इसके अलावा कोसाबाड़ी बस डिपो, कयाघाट एवं खर्रा घाट में भी बड़े गार्डन विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरवासियों के स्वास्थ्य और जीवनशैली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आगामी समय में लगभग 20 स्थानों पर ओपन जिम भी विकसित किए जाएंगे।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शहर में जहां-जहां खाली भूमि उपलब्ध है, वहां सुनियोजित तरीके से विकास कार्य किए जा रहे हैं। रायगढ़ की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 400 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड परियोजना पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके साथ ही कोतरा रोड थाना चौक से ढिमरापुर, मेडिकल कॉलेज रोड, महापल्ली मार्ग तथा ढ़िमरापुर से जिंदल की ओर फोरलेन सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक, राजमहल चौक, इंदिरा नगर, कयाघाट एवं मेडिकल कॉलेज चौक जैसे प्रमुख स्थलों का एक साथ विकास कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे शहर का स्वरूप बदलेगा और यातायात सुगम होगा। उन्होंने कहा कि बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ वार्ड स्तर पर भी छोटे-छोटे विकास कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं, ताकि विकास का लाभ शहर के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे और रायगढ़ का समग्र विकास हो।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि पंजरी प्लांट क्षेत्र में वर्तमान में कोई सामुदायिक भवन उपलब्ध नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए वहां उपयुक्त स्थान का चयन कर लगभग 25 लाख रुपए की लागत से एक सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा, जिससे छोटे-मोटे कार्य, आजीविका गतिविधियों एवं सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु 1.5 लाख रुपए की राशि स्वेच्छानुदान से स्वीकृत की गई है, जिससे मंदिर का संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा।महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शहर में बड़े-बड़े विकास परियोजनाओं पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुनियोजित विकास के तहत जहां एक ओर बड़े प्रोजेक्ट स्वीकृत किए जा रहे हैं, इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्री डिग्री लाल साहू, श्री अरुणधर दीवान, श्री सुरेश गोयल, पूर्व विधायक श्री विजय अग्रवाल, श्री पंकज कंकरवाल, श्री विवेक रंजन सिन्हा, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री पावन अग्रवाल, श्री विकास केडिया, श्री गौतम अग्रवाल, श्री पवन शर्मा, श्री सतपाल बग्गा, श्री दीपेश सोलंकी, श्रीमती शीला तिवारी, एमआईसी सदस्यगण, पार्षद श्रीमती अनुपमा शाखा यादव, पार्षद श्री शेख सलीम नियारिया, पार्षद श्री अक्षय कुलदीप, मधु नायक, नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम श्री महेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।वित्त मंत्री ने बताया कि युवाओं को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के लिए 40 करोड़ रुपये की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण अंतिम चरण में है। यह परिसर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा। साथ ही फिजियोथेरेपी कॉलेज, प्रयास विद्यालय, कला एवं संगीत महाविद्यालय तथा हार्टीकल्चर कॉलेज जैसे शैक्षणिक संस्थानों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में रायगढ़ को नई पहचान मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि गढ़उमरिया में बालिकाओं के लिए 'नव गुरुकुल' की स्थापना की गई है, जहां 2 वर्षों का पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान आवास, भोजन एवं अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात बालिकाएं 40 हजार रुपये से अधिक की आय अर्जित करने में सक्षम होंगी।

## भौतिक सत्यापन के आधार पर हो धान खरीदी, किसानों को न हो परेशानीःकलेक्टर

**रायगढ़, 4 जनवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य अपने अंतिम चरण में है। ऐसे में धान खरीदी से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी ऊर्जा, जिम्मेदारी और समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। कलेक्टर आज जिला कलेक्ट्रेट स्थित सृजन कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में धान खरीदी कार्य की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। बैठक में समितिवार अब तक की कुल धान खरीदी, बारदाना की उपलब्धता, पीडीएस बारदाना का उपयोग, टोकन की स्थिति, धान विक्रय कर चुके किसानों की संख्या, मिलर्स के माध्यम से धान उठाव, भौतिक सत्यापन, रकबा समर्पण तथा संदिग्ध कोचियों एवं बिचौलियों पर की जा रही कार्रवाई जैसे बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि कुछ स्थानों पर अनावरी के आधार पर धान खरीदी को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जबकि शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी पूर्णतः भौतिक सत्यापन के आधार पर की जा रही है।



उन्होंने सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक उपार्जन केंद्र में किसानों से केवल भौतिक सत्यापन के पश्चात ही धान खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी वास्तविक किसान को अपनी उपज विक्रय करने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में उपार्जन केंद्रों में किसानों की संख्या एवं धान की आवक बढ़ेगी। ऐसे में पात्र किसानों के साथ पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए धान खरीदी की जाए, वहीं अवैध रूप से धान खपाने के प्रयासों को पूरी सख्ती से रोका जाए। संदिग्ध कोचियों एवं बिचौलियों पर सतत निगरानी रखते हुए नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने 5 एकड़ वाले किसानों एवं 7 जनवरी के बाद धान विक्रय हेतु जारी टोकनों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करने के निर्देश देते हुए कहा कि बेहतर सत्यापन से ही धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपार्जन केंद्रों में केवल मानक गुणवत्ता का धान ही खरीदा जाए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों की माइक्रो-लेवल मॉनिटरिंग करने, सत्यापित टोकन के आधार पर ही धान खरीदी करने तथा 31 जनवरी तक आने वाले धान का औसत निकालते हुए प्रतिदिन की खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में धान विक्रय न करने वाले कृषकों के रकबा समर्पण की कार्रवाई भी समयबद्ध रूप से करने को कहा गया।

कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को पीडीएस बारदाना के अनिवार्य उपयोग के निर्देश देते हुए डीएमओ को 7 जनवरी तक सभी समितियों में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों में जाम की स्थिति से बचने के लिए धान की पर्याप्त और सुव्यवस्थित स्टैकिंग पहले से सुनिश्चित की जाए। धान उठाव कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने दूरस्थ उपार्जन केंद्रों एवं बफर लिमिट पार कर चुके केंद्रों से प्राथमिकता के आधार पर धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिलर्स को उनकी क्षमता के अनुरूप धान उठाने तथा अधिक उठाव के लिए आवश्यक बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही भौतिक सत्यापन एवं उपार्जन केंद्रों में कृषि विभाग के आरआईओ की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, सभी अनुविभागों के एसडीएम, जिला खाद्य अधिकारी, डीएमओ, उप आयुक्त सहकारिता, नोडल अधिकारी, समिति प्रबंधक, राजस्व अधिकारी एवं धान खरीदी से जुड़े विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मोहला-मानपुर-अंबागढ चौकी में 478 आजीविका डबरी निर्माण से मिलेगा रोजगार, बढ़ेगी ग्रामीण आय

**मोहला, 4 जनवरी ।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ - चौकी ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राहियों की आय बढ़ाने तथा स्थायी आजीविका के साधनों को सुदृढ़ करने की दिशा में जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए जिले में कुल 1050 आजीविका डबरी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 478 डबरी का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। यह योजना विभिन्न विभागों के कन्वर्जेन्स से संचालित की जा रही है, जिससे ग्रामीण परिवारों को बहुआयामी लाभ प्राप्त होंगे। युक्तधारा के माध्यम से तद्रूस आधारित प्लान एवं सैटेलाइट सर्वे के आधार पर आजीविका डबरी निर्माण के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। डबरी निर्माण से वर्षा जल संचयन, भू-जल रिचार्ज तथा खेतों में आवश्यक सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे खरीफ एवं रबी दोनों फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी। साथ ही, पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त होंगे।

## पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था से किसानों को मिल रही राहत



**अंबिकापुर, 4 जनवरी ।** जिले के धान उपार्जन केंद्रों में लागू पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था से किसानों को धान विक्रय में बड़ी सुविधा मिल रही है। अंबिकापुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत श्रीगढ़ के लघु वर्ग के किसान श्री मनोज राजवाड़े ने बताया कि इस वर्ष अच्छी बारिश होने के कारण धान की उपज बेहतर हुई है। राजवाड़े ने बताया कि वे करीब साढ़े 4 एकड़ में धान की खेती करते हैं, जिसमें उनका कुल 86.20 क्विंटल धान का रकबा है। उन्होंने समिति के माध्यम से धान विक्रय हेतु टोकन कटवाया, जिसमें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि टोकन व्यवस्था पूरी तरह सरल और किसान हितैषी है।उन्होंने बताया कि खैरबार धान उपार्जन केंद्र पहुंचते ही गेट पास की प्रक्रिया, नमी परीक्षण और तत्काल बारदाना उपलब्ध करा दिया गया, जिससे धान विक्रय में किसी तरह की दिक्कत नहीं आई। समिति केंद्र में किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, छाया और बैठने की समुचित व्यवस्था भी उपलब्ध है, जिससे प्रतीक्षा के दौरान किसानों को राहत मिलती है।मनोज राजवाड़े ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार में धान का सर्वाधिक मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा है तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक की खरीदी की जा रही है।




पिछले 11 वर्षों से देश में अजीबोगरीब 'नामकरण उत्सव' चल रहा है।विकास का दावा करने वाली मोदी सरकार ने असल में उन योजनाओं की री-ब्रांडिंग करने में अपनी पूरी ताकत लगा दी है, जिनकी नींव और रूपरेखा यूपीए सरकार (कांग्रेस शासन)के दौरान रखी गई थी। हाल ही में 'मनरेगा'जैसी योजना का नाम बदलकर उसे 'विकसित भारत-गारंटी' (ड्डक्त्न त्रूत्न) की ब्रांडिंग देने की सुगबुगाहट फिर से वही सवाल खड़ा कर रही है.. हम विकास की ओर बढ़ रहे हैं या सिर्फ शब्दकोश बदल रहे हैं??हकीकत यह है कि 'निर्मल भारत' को 'स्वच्छ भारत' कह देने से,'इन्दिरा आवास' को 'प्रधानमंत्री आवास' का टैग लगा देने से योजना का मूल उद्देश्य नहीं बदलता। लंबी फेहरिस्त उन कामों की है जिन्हें दशकों पहले शुरू किया गया था, लेकिन आज नए विज्ञापनों से ऐसा माहौल बनाया जा रहा है जैसे ये सभी ही पिछले 11 सालों की ही उपज हों। सवाल यह है कि अगर पिछली सरकारों ने कुछ नहीं किया,तो फिर उनकी ही लाई 28 से ज्यादा योजनाओं का नाम बदलकर चलाने की जरूरत क्यों पड़ी?असल में यह 'काम' से ज्यादा 'नाम' की राज नीति है। यह केवल क्रेडिट लेने की एक ऐसी होड़ है जिसमें सरकारी खजाने का करोड़ों ? सिर्फ नए विज्ञापनों, नए बोर्ड और नई ब्रांडिंग पर फूंक दिया जाता है। ताज्जुब यह है कि जिन योजनाओं को कभी विपक्ष में रहते हुए 'विफलता का स्मारक' कहा गया, आज उन्हीं का नाम बदलकर अपनी उपलब्धि बताया जा रहा है।यूपीए सरकार के समय की दूरदर्शी सोच और उन योजनाओं के ठोस आधार पर आज सिर्फ रंग-रोगन करके वाहवाही लूटी जा रही है।नाम बदलने की सनक में महापुरुषों के नाम इतिहास की किताबों और योजनाओं से मिटा देने से उनकी विरासत खत्म नहीं होती, लेकिन सत्ता की उस मानसिकता को जरूर दर्शाता है जहाँ काम से ज्यादा चमक-धमक और हेडलाइंस को प्राथमिकता दी जाती है। जनता को योजनाओं के संस्कृतनिष्ठ या भारी-भरकम नामों से सरोकार नहीं, उसे सरोकार है समय पर मिलने वाले लाभ, रोजगार और घटती महंगाई से।?जब करोड़ों ? सिर्फ 'री- ब्रांडिंग' के जश्न में खर्च किए जाते हैं, तो वह पैसा सीधे तौर पर टैक्स भरने वाली जनता की जेब से जाता है,राजनीति का 'नामकरण संस्कार' शायद चुनावी रैलियों में वाह-वाही दिला दे,लेकिन क्या यह वास्तव में देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा है? केवल लिफाफा बदल देने से खत की इबारत नहीं बदलती। विकास विज्ञापनों में नहीं, जनता की खुशहाली में दिखना चाहिए।

# गैर के परों पर उड़ सकते हैं हद से हद दीवारों तक... अम्बर में तो वहीं उड़ेंगे जिनके अपने 'पर' होंगे...

### रायपुर:अटलजी की आमसभा का खर्च केवल 25 रुपए... और अब!

भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की रायपुर में एक आमसभा हुई थी और कुल खर्च आया था मात्र 25 ?ज।आज तो उनकी ही पार्टी के लोग छोटे- छोटे कार्यक्रमों में लाखों खर्च कर देते हैंज?अविभाजित म.प्र. में ग्वालियर में पले-बढ़े अटलजी का छत्तीस गढ़ से यही नाता रहा कि वे जनसंघ के जमाने से यहां आते रहे यहां उनकी एक भतीजी की ससुराल भी है।1956-57 में अटलजी रायपुर आये थे वहीं 1960 में अटलजी की एक सभा गांधी चौक में हुई थी। तब 25 रुपये का खर्च आया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व.मनोहर रेड्डी एक बार उस सभा में उपस्थित भीड़, खर्च का हिसाब याद था। उस समय सवा ? के 4 पेट्रोमेक्स किराये पर लिये गये थे, 15 ? ही लाउडस्पीकर वाले को देना पड़ा था, 5 ? में दिन भर के लिए एक रिक्शा किराये पर लेकर अटलजी की सभा की खबर शहर में दी जाती रही थी।1968-69 में भी वे रायपुर आये थे। 1992 में ओडिशा जाते समय वे कुछ देर सर्किट हाऊस (आजकल राजभवन) में रूके थे। उसी समय उन्होंने दूधाधारी मंदिर में दर्शन किया, बीमार महंत वैष्णवदास से मुलाकात की,100 रुपये का दान भी मंदिर को दिया था। वैसे1980 के आसपास भी अटलजी का रायपुर आगमन हुआ था तब रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ था और हमने भी बतौर छात्रनेता रक्तदान किया था तब दुर्गा कालेज में एक कार्यक्रम भी हुआ था। जिसमें तब के प्राचार्य रणवीरसिंह शास्त्री शामिल नहीं हुए थे। तब शास्त्रीजी ने कहा था कि राजनीतिज्ञों का शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश उचित नहीं है। बाद में



शास्त्रीजी कांग्रेस की राजनीति में शामिल हो गये। तब बतौर पत्रकार हमने उनसे पूछा था अब आप का राजनीतिज्ञों के बारे में क्या कहना है तो जवाब दिया था मैंने अपना सिद्धांत बदल दिया है?ज्खैर कालांतर में अटलजी पीएम बने तब सप्रे शाला के मैदान में आमसभा में छग की जनता से अपील की यदि लोकसभा की सभी 11 सीटें भाजपा को मिलती है तो पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनाया जाएगा यह ठीक है कि उस चुनाव में भाजपा को लोस में केवल 7 सीटों पर संतोष करना पड़ा।कांग्रेस के अजीत जोगी (रायगढ़) श्यामाचरण शुक्ल (महास मुंद), डॉ. चरणदास महंत (जांजगीर) तथा खेलसाय सिंह (सरगुजा) से विजयी रहे।चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता मोतीलाल वोरा जरूर भाजपा के डॉ. रमन सिंह से पराजित हो गये।राजनांदगांव से डॉ. रमन पहली बार सांसद बने थे, अटलजी ने अपना वादा निभाया, एक नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़, झारखंड तथा उत्तराखंड को नया राज्य घोषित किया गया। छत्तीस गढ़ ऐसा राज्य रहा जहां पहले 3 साल कांग्रेस तथा बाद के स्थिर सरकार भाजपा की बनी है वहीं लोक सभा में भी 10 लोस में भाजपा का लगातार परचम लहराता आ रहा है। वैसे अटलजी, चूंकि छत्तीसगढ़ की हकीकत से परिचित थे इसीलिए उन्होंने म.प्र.से विभाजित कर पृथक छत्तीसगढ़ की न केवल स्थापना की बल्कि छग के विकास के लिए भी हमेशा तत्पर रहे। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य से 3 साँसदों को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया। सर्वश्री रमेश बैस,स्व.दिलीप सिंह जूदेव,डॉ. रमनसिंह को राज्यमंत्री के रूप में शामिल किया।




डॉ. रमन सिंह तो पहली बार ही लोकसभा सदस्य बने थे। यही नहीं राज्य बनने के बाद भी अटलजी छत्तीसगढ़ आते रहे।2004 में छग के चौथे राज्योत्सव में भी वाजपेयीजी ने आकर शिरकत की। राजनीति में ऐसे लोग बिरले ही होते हैं जो जनता के दिलों में तो राज करते हैं वहीं विपक्षी नेता भी उन्हें पसंद करते हैं। अटलजी की भाषण की शैली में संगीत, लय, ताल, व्यंग्य, गंभीरता, कविता, इतिहास, भूगोल, वर्तमान, भविष्य सभी का समावेश होता था तभी तो उनकी सभा में उन्हें सुनने ही लोग स्वः स्फूर्त ही जुट जाया करते थे। एक बार अटलजी ने तब की पीएम इंदिरा गांधी को दुर्गा का अवतार कहा था तो डॉ. मनमोहन सिंह ने उद्बोधन में अटलजी को राजनीति का भीष्म पितामह कहा था। देश के पहले पीएम नेहरू ने भी युवा अटल को देखकर उनके भावी पीएम की भविष्यवाणी करने की भी जमकर चर्चा रही।

### छत्तीसगढ़ लोक भवन का एक आदेश चर्चा में...

छग में शासकीय विश्वविद्यालयों में अब किसी अधिकारी, शिक्षक या कर्मचारी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले राज्यपाल की अनुमति अनिवार्य हो गई है। जांच पूरी होने के बाद अंतिम निर्णय लेने के लिए कुलाधिपति की स्वीकृति जरूरी होगी। इस संबंध में लोक भवन से आदेश जारी कर दिए गए हैं। बता दें कि इस आदेश के बाद राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच अधिकारों को लेकर टकराव की स्थिती पैदा हो गई है।दरअसल अब तक विश्वविद्यालयों में कुलपति स्तर तक राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में रहा है। इसके बाद के अधिकारियों से जुड़े मामलों



में राज्य सरकार निर्णय लेती है, नई व्यवस्था के तहत कुलसचिव या प्रभारी कुलसचिव के अलावा अब किसी भी अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले राज्यपाल से अनुमति लेना जरूरी हो गया है।

### विधानसभा सचिव को एक साल की सेवा वृद्धि...

छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा का कार्यकाल 1साल बढ़ा दिया गया है, उनका कार्यकाल 30 नवम्बर 25 को समाप्त हो रहा था पर 1साल की सेवा वृद्धि के बाद 30 नवम्बर 26 तक इस पद पर बने रहेंगे। वैसे डॉ चरणदास महंत के विस अध्यक्ष कार्यकाल में इस मूल छत्तीसगढ़िया को सचिव बनाया गया था।मूलतः जांज गीर जिले के रहने वाले दिनेश शर्मा को ही सेवावृद्धि नहीं मिली है, इसके पहले देवेंद्र वर्मा, चंद्रशेखर गँगराडे को भी बतौर सचिव सेवा वृद्धि मिली थी।



### नरेश शर्मा, जांजगीर अधिवक्ता संघ के पाँचवी बार अध्यक्ष बने...

जिला अधिवक्ता संघ जांज गीर के अध्यक्ष पद पर पाँचवी बार नरेश शर्मा विजयी रहे। कुल 519 अधिवक्ताओं ने मतदान किया जिसमें नरेश शर्मा को 363 मत मिले और वे 250 मतों से विजयी रहे, नरेश शर्मा,ज़ब छत्तीसगढ़ में एकमात्र रविशंकर विश्व विद्या लय था तब दबंग छात्रनेताओं में एक रहे,अभी उम्र के इस पड़ाव में भी उनकी दबंगता क़ायम है।आज भी दीन-हीन की सेवा में वे तत्पर रहते हैं, कांग्रेस-भाजपा के बड़े नेताओं से उनका घरोबा है।



### और अब बस

» छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले के आरोपी, पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की छ्ग हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है।
» 23 जनवरी 26 से रायपुर में पुलिस आयुक्त प्रणाली शुरू होगी।
» शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दो साल की जांच के बाद तीन शराब कंपनियों के साथ अधिकारी -कारोबारियों की 382 करोड़ ? से अधिक की संपत्ति भी अटैच कर चुकी है।

## एक नजर

### बघेल भाषायी और वैचारिक दीवालियेपन की सारी हदें लांघ रहे : अशोक साहू

**रायपुर, 4 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सत्ता-विछोह की बौखलाहट में भाषायी और वैचारिक दीवालिएपन की सारी हदें लांघ रहे हैं। श्री साहू ने बघेल पर उनके उस ताजा बयान को लेकर तीखा हमला बोला, जिसमें बघेल ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव की तुलना बंदर से की थी। श्री साहू ने बघेल के बयान को पूरे साहू समाज का अपमान बताया और कहा कि बघेल अपने इस बयान के लिए छत्तीसगढ़ की जनता से बिना शर्त माफी मांगें। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि पिछड़ा वर्ग, विशेषकर तेली समाज के लिए कांग्रेसियों के भीतर कितनी नफ़रत भरी हुई है, बघेल के ताजा विषवमन से यह एक बार फिर साबित हो गया है। दरअसल मोहब्बत की दुकान के ढिंढोरची इस तरह का विषवमन करके कांग्रेस के सियासी डीएनए का प्रदर्शन ही कर रहे हैं। कभी राहुल गांधी 'सारे मोदी चोर' कहकर तेली समाज का अपमान करते हैं तो अब बघेल ने उसी कांग्रेस-कल्चर का परिचय दिया है।

### क्षेत्रीय पत्र सूचना कार्यालय को संतोषजनक कार्य का प्रमाणपत्र

**रायपुर, 4 जनवरी।** राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन और निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने के लिए पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर को राजभाषा संसदीय समिति के निरीक्षण के उपरांत संतोषजनक कार्य करने का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि पत्र सूचना कार्यालय द्वारा भारत सरकार की राजभाषा नीति के सफल क्रियान्वयन, हिंदी के व्यापक प्रयोग तथा सरकारी संचार को जनसामान्य के लिए अधिक सहज एवं प्रभावी बनाने के सतत प्रयासों का परिणाम है। राजभाषा संसदीय समिति द्वारा किए गए इस निरीक्षण के दौरान पत्र सूचना कार्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की समग्र समीक्षा की गई। समिति ने कार्यालयीन पत्राचार, प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यों, प्रेस विज्ञप्तियों, प्रकाशनों, डिजिटल एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हिंदी के प्रयोग, द्विभाषी व्यवस्था के अनुपालन तथा राजभाषा अधिनियम एवं नियमों के पालन की विस्तार से जांच की। निरीक्षण के उपरांत समिति ने यह पाया कि पत्र सूचना कार्यालय द्वारा राजभाषा से संबंधित सभी निर्देशों का गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ पालन किया जा रहा है।

### निधन

### बीपी दुबे

**रायपुर, 4 जनवरी।** छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क विभाग के पहले अपर संचालक बीपी दुबे का आज गोरखपुर (उ. प्र.) में निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार कल सोमवार को गोरखपुर में होगा। वे वरिष्ठ पत्रकार संजय दुबे के पिता थे। वे अपने पीछे तीन पुत्रियों और दो पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। दुबे ने नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य में जनसम्पर्क संचालनालय को व्यवस्थित करने और छत्तीसगढ़ संवाद की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



# पांच लाख विद्यार्थी एक साथ एक समय में गाएंगे वंदे मातरम

## हेलीकॉप्टर से होगी फूलों की वर्षा



**रायपुर, 4 जनवरी।** वंदे मातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 5 लाख विद्यार्थी एवं युवा 15 जनवरी को दोपहर 12:55 बजे एक साथ सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत का गायन करेंगे. इसमें रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे. वहीं मुख्य आयोजन सुभाष स्टेडियम में होगा, जिसमें 20 हजार युवा गायन करेंगे. देशभक्ति गीत पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा. इस दौरान हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा की जाएगी.

इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश जारी किये. कार्यक्रम संयोजक दानसिंह देवांगन ने बताया कि रायपुर भारत देश का पहला लोकसभा क्षेत्र हैं, जहां एक साथ एक ही समय पर 5 लाख युवाओं द्वारा वंदे मातरम् का गान किया जाएगा. रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक स्कूल-कॉलेजों में देश की आजादी के दौरान गाये गए गीत का विद्यार्थियों द्वारा वाचन किया जाएगा. इस मौके पर सांसद अग्रवाल ने कहा कि वंदे मातरम् गीत का रायपुर का यह आयोजन इतिहास रचेगा. यह गीत विद्यार्थियों में देशभक्ति का भाव जागृत करने में आज भी प्रासंगिक है.

बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, निजी विवि आयोग के अध्यक्ष वीके गोयल, पं. रविशंकर विवि के कुलसचिव एसके पटेल, कुलसचिव तकनीकी विवि के कुलसचिव दिनेश सिन्हा, आयुष विवि के कुलसचिव सूरज कुमार साहू, डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ एएस कन्नौजे, एडिशनल कमिश्नर नगर निगम मनोज पांडेय, एनसीसी से स्क्वाड्रन लीडर एम जोरार, जिला स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक संचालक एम मिंज, एनटीपीसी के डीजीएम कम्यूनिकेशन सहदेव सेठी, डॉ. लुकेश्वर सिंह गजपाल, प्रोग्राम कोआर्डिनेशन एनएसएस रायपुर, मृत्युंजय शुक्ला सचिव स्काउड गाइड, जिला खेल अधिकारी प्रवेश जोशी, कृषि विवि श्रीकांत चितले व जवाहर नवोदय विद्यालय माना लक्ष्मी सिंह आदि उपस्थित थे.

# तमनार की घटना की जिम्मेदार भाजपा की सरकार : फूलोदेवी

**रायपुर, 4 जनवरी।** तमनार घटना पर महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि महिला टीआई और महिला आरक्षक के साथ जो घटना घटित हुआ उस घटना का कड़े शब्दों में निंदा करती हूं। रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में गारे पेलमा सेक्टर-1 में जिंदल स्टील को ओपन कास्ट कोल माइंस आवंटित की गई है। इसके लिए 8 दिसंबर को जनसुनवाई आयोजित की गई थी, लेकिन क्षेत्र के ग्रामीण, आदिवासी और स्थानीय निवासी शुरू से ही इस खदान का विरोध कर रहे हैं। प्रभावित 14 गांवों के लोग अपनी पुश्तैनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि कोयला उत्खनन से खेती-बाड़ी, जंगल और पर्यावरण पूरी तरह तबाह हो जाएंगे। तभी से वहां के ग्रामीण और आदिवासी सरकार से वार्तालाप करके समाधान चाहती थी लेकिन सरकार में बैठे जिम्मेदार एक भी व्यक्ति या प्रशासन की ओर से एक भी अधिकारी आंदोलनकारियों से भेंट मुलाकात कर समाधान के लिए प्रयत्न नहीं किये, जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्रदेश में लगातार अराजकता का माहौल निर्मित हो रहा है। कानून व्यवस्था आईसीयू में है। आंदोलनकारी पर जो लाठी चलाई गई वह भी दुखद है, महिला पुलिस कर्मियों के ऊपर जो हृदय विदारक घटना घटित हुआ वह भी दुखद है। प्रदेश में ऐसा माहौल कभी देखने को नहीं मिला था।



महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के डबल इंजन की सरकार में जनता लगातार आक्रोशित क्यों हो रहे है, और आक्रामक रूप से कानून को अपने हाथ में लेने को क्यों मजबूर हो रहे हैं? आज प्रदेश की स्थिति चिंताजनक हो गई है। माहौल तनावपूर्ण होता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने कसम खा रखी है कि यह जल, जंगल, जमीन सिर्फ पूंजीपतियों के लिए है, यदि इस पर कोई भी मुखरता से अपनी बात रखते हैं या आंदोलन करते है तो आंदोलनकारी से सरकार बिना संवाद के लाठी, डंडा बरसाया जा रहा है।

### कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

**रायपुर, 4 जनवरी।** रायपुर से पूर्णिमा स्नान के लिए अमरकंटक जा रहे श्रद्धालुओं की कार बिलासपुर जिले के बेलगहना क्षेत्र अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मंगलवार सुबह का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर के खम्हारडीह थाना अंतर्गत कचना निवासी रामकुमार धीवर (45) अपने साथियों निलेश्वर धीवर (38), सुखसागर मानिकपुरी (39), अमित चंद्रवंशी और राजकुमार साहू के साथ अमरकंटक जा रहे थे। कार का संचालन निलेश्वर धीवर कर रहे थे। सुबह करीब 9 बजे वे बेलगहना चौकी क्षेत्र के ग्राम भसको के पास पहुंचे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में रामकुमार धीवर और राजकुमार साहू को गंभीर चोटें आईं। कार चालक निलेश्वर धीवर और अन्य दो साथी भी घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर बेलगहना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर ही रामकुमार धीवर की मौत हो गई थी, जबकि रास्ते में राजकुमार साहू ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव निकालने में दो घंटे की मशक्कत पुलिस टीम ने बताया कि कार हादसे के बाद काफी क्षतिग्रस्त हो गई थी। रामकुमार का शव गाड़ी में फंस गया था।

# सीआरपीएफ अफसर बनकर डॉक्टर के एकाउंट से 4 लाख रुपए उड़ाए

**रायपुर, 4 जनवरी।** राजधानी में अब सीआरपीएफअफसर बनकर कैम्प के जवानों की जांच और इलाज कराने के नाम पर एक होमियोपैथिक डॉक्टर के बैंक एकाउंट से 4 लाख रुपए पार कर दिए गए. अफसर ने सरकारी पैसे से बिल भरने के लिए एकाउंट वैलीडेट होना जरूरी बताते हुए पासवर्ड समेत अन्य जानकारियां ली और दो बैंक एकाउंट से रकम दूसरे एकाउंट में ट्रांसफर कर ली गई. करीब सवा महीने पहले हुई वारदात की शिकायत पर पुलिस जांच शुरू हो गई है.

**5 घंटे के भीतर ठगों के एकाउंट से भी निकल गई रकमः** पुलिस सूत्रों के मुताबिक न्यू पुरैना मारुति रेसीडेंसी निवासी डॉ. शिवकुमार सिंह ने पांच घंटे के भीतर अपना एकाउंट ब्लॉक करा लिया. केन्द्रीय पोर्टल पर शिकायत भी की गई. कई एकाउंट सीज भी किए गए लेकिन इससे पहले ही फ्रॉड की रकम निकाली जा चुकी थी. सील एकाउंट में केवल तीन हजार रुपए ही होल्ड हुए हैं. डॉ. सिंह कालीबाड़ी इलाके में क्लिनिक चलाते हैं. 29 नवंबर को उनके सेलफोन पर एक अननोन मोबाइल नंबर से कॉल आया. फोन करने वाले ने खुद को सीआरपीएफ अफसर बताया. डॉक्टर से कहा गया कि कैम्प के 35 मरीजों-जवानों का इलाज कराना है.

सोमवार से जांच शुरू कराई जाएगा. इसके बाद फीस आदि की जानकारी ली गई और शासकीय कार्य की राशि का भुगतान वैलीडेट एकाउंट पर ही किए जाने का झांसा दिया गया. डॉक्टर से एकाउंट की जानकारी मांगी गई. डॉ. सिंह ने अपने सहयोगी का नंबर दिया तो कथित अफसर ने दूसरे मोबाइल से उसे वीडियो कॉल किया. उससे भी एकाउंट समेत कई और जानकारियां ली गई. इसी दौरान पासवर्ड भी ले लिए गए. डॉक्टर ने पीएनबी और एसबीआई एकाउंट की जानकारी दी थी. इन्हीं दो एकाउंट से 3 लाख 98 हजार 984 रुपए दूसरे एकाउंट में ट्रांसफर कर लिए गए.

# जुलूस-ए-हैदरी का स्वागत



**रायपुर, 4 जनवरी।** हज़रत अबू तालिब अ.स. फाउंडेशन द्वारा मौला अली (अ.स.) के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित जुलूस-ए-हैदरी का मोमिनपारा हुसैनी चौक पर भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम का सफल आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता दिलशाद हुसैन द्वारा किया गया, जिनके द्वारा मंच व्यवस्था एवं संपूर्ण व्यवस्थाएँ सराहनीय रूप से संपन्न की गई। इस अवसर पर शहर सीरतुन्नबी कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल सेठी ने दिलशाद हुसैन को शहर सीरतुन्नबी कमेटी में शामिल करते हुए उन्हें सह-सचिव के पद पर नियुक्त किया। कार्यक्रम में शहर सीरतुन्नबी कमेटी के पदाधिकारी, समाज के जिम्मेदार लोग एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### हनुमान चालीसा



**रायपुर, 4 जनवरी।** बालाजी गार्डन सोसायटी फाफाडीडीह में को हनुमान चालीसा का पाठ किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, दिलीप अग्रवाल, रामअवतार, श्रवण जैन, योगेश अग्रवाल, सुब्रत डोलावत, अनिल ओझा, दिनेश शर्मा, राजेंद्र जैन आदि उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26